● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 67, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 10 अप्रैल 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



रॉबर्ट वाड्रा ने दिये चुनाव लड़ने के संकेत 5

जड़ेजा ने आईपीएल में बनाया महारिकार्ड 6



## मैं गीदड़ भभकियों से डरने वाला नहीं : पीएम मोदी

**बालाघाट।** तीन दिन के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरी बार मध्यप्रदेश पहुंचे। मोदी की रैली बालाघाट में हुई। बालाघाट पहुंचने पर महिलाओं ने मंच पर उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमकर कांग्रेस पर जुबानी हमला किया है।

पीएम मोदी ने मंच से कहा, जय श्री कोटेश्वर महादेव, जय मां काली, जय मां गढ़कालिका। आज देश के विभिन्न हिस्सों में नव वर्ष मनाया जाता है। आज नवरात्रि का भी आरंभ हुआ है। मैं आप सभी को नव वर्ष की और नवरात्रि की अनेक-अनेक शुभकामनाएं देता हूं।

बालाघाट की धरती भारत की नारी शक्ति के पराक्रम की साक्षी है। मैं रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई की इस धरती को प्रणाम करता हूं। आज जनता जनार्दन का जन सैलाब, ऐसा लग रहा है जैसे केसरिया सागर नजर



आ रहा है। इतनी बड़ी माताओं और बहनों का आशीर्वाद साफ दिखा रहा है कि चार जून को मध्यप्रदेश में क्या परिणाम आने वाले हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि ये चुनाव नए भारत का मिशन है। विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को साफ कर दिया। कांग्रेस चुनाव नहीं आपस में लड़ रही है। कांग्रेस सरकार अपनी शिकायत लेकर दूसरों के पास जाती थी, अब जो देश आपस में लड़ रहे हैं, हल खोजने भारत आते हैं।

कांग्रेस के मन में आजादी के आंदोलन का अहंकार भरा पड़ा था। कांग्रेस कहती थी, हम तो गरीब देश हैं कि देश को आधुनिक सड़कों की एयरपोर्ट की आखिर क्या जरूरत है? कांग्रेस केवल कुछ शहरों, जहां उनके बड़े नेता रहते थे वहां का विकास करती थी। बीजेपी सरकार हम जगह को प्राथमिकता दे रही है, बीजेपी सरकार एमपी का कायाकल्प कर रही है। पीएम मोदी ने कहा, जो काम अभी हुए हैं वह सारे केवल ट्रेलर हैं। अभी बहुत कुछ करना है। देश को बहुत आगे लेकर जाना है। आप यानी जनता मेरी जिंदगी को बहुत अच्छे से जानती है। मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है, मोदी मेहनत करता है। क्योंकि उसके लक्ष्य बहुत बड़े हैं। ये देश के लिए है, देश की जनता के उज्जवल भविष्य के लिए है।

मोदी ने अभी तक जो काम किया है, वो केवल फुलझड़ी है। बीजेपी सरकार वंचितों को वरीयता देते हुए काम कर रही है। मध्यप्रदेश में 5.50 करोड़ जरूरतमंदों को मुफ्त राशन दे रहे हैं। एमपी में 70 लाख घरों में नल से जल की व्यवस्था कर दी है।

पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस किसी आदिवासी को नहीं, अपने शाही परिवार को आजादी का श्रेय देना चाहती है। यह हमारी सरकार है, जिसने जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत की। प्रधानमंत्री मोदी के लिए पूरा देश ही मोदी का परिवार है। मोदी किसी की गीदड़ भभकी से डरने वाला नहीं है। बीजेपी सरकार करप्शन के एक एक रास्ते को बंद कर रही है, मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को लोग बीजेपी से नहीं लड़ रहे, वह एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह चुनाव भारत की 21वीं सदी का है। यह नए भारत के निर्माण का मिशन है। यह विकसित भारत और विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प को नई उर्जा देने वाला चुनाव है।

पीएम मोदी ने कहा कि मोदी महाकाल का भक्त है। मैंने देश विरोधी ताकतों को अंजाम तक पहुंचाने के लिए सीखा है। हम इन गीदड़ भभकियों से नहीं डरते हैं। इंडी गठबंधन के लोग मोदी से चिढ़े हुए हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर ये लोग मोदी को गाली देते हैं।

## मोदी सरकार में एक इंच भी जमीन न कब्जा सका चीन : शाह

**लखीमपुर**

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह असम के दौरे पर हैं। उन्होंने राज्य के लखीमपुर में मंगलवार को एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार में चीन भारत की एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि लोग यह कभी नहीं भूलेंगे कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 1962 में चीन के आक्रमण के दौरान असम और अरुणाचल को अकेले छोड़ दिया था।

शाह ने कहा, जब चीन का हमला हुआ..लड़ने की जगह जवाहर लाल नेहरू ने असम को बाय-बाय कह दिया था। असम को छोड़ दिया था। लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार में चीन देश की जमीन पर एक इंच भी कब्जा न



कर सका। इस तरह का शासन नरेंद्र मोदी ने दिया है। उन्होंने कहा, अरुणाचल और असम 1962 को कभी नहीं भूल नहीं सकता। नरेंद्र मोदी के समय में उसने (चीन) डोकलाम में थोड़ी हिम्मत की..उसे 43 दिन तक रोककर रखा और नरेंद्र मोदी ने वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया।

### कांग्रेस ने लटकाए रखा राम मंदिर का मुद्दा

गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार ने बांग्लादेश के साथ देश की सीमा को भी सुरक्षित किया और घुसपैठ को रोका। उन्होंने आगे कहा, आने वाले दिनों में असम देश के अन्य राज्यों की तरह एक विकसित राज्य बन जाएगा।

वर्षों से कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा था। प्रधानमंत्री मोदी के समय ही फैसला आया। भूमि पूजन हुआ और आखिरकार 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खतरे की आशंका को देखते हुए केंद्र सरकार ने यह फैसला किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त को हथियारबंद कमांडो से लैस जेड श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान करने का फैसला किया है। खुफिया एजेंसियों की ओर से जारी किए गए अलट के बाद यह कदम उठाया गया है। चुनाव आयोग से जुड़े सूत्रों की मानें तो राजीव कुमार के खिलाफ दुश्मन देश साजिश रचने की कोशिश कर रहे



हैं। इसके बाद ही उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसके लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को 40-50 कर्मियों की एक टुकड़ी उपलब्ध कराने को कहा है।

यह कदम लोकसभा चुनाव के शुरू होने से पहले उठाया गया है। दरअसल, देशभर में सात चरणों में 19 अप्रैल से मतदान शुरू होगा। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की ओर तैयार की गई रिपोर्ट में सीईसी को खतरा बताया गया और रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त के लिए कड़ी सुरक्षा की सिफारिश की गई थी। अब सुरक्षा बढ़ाए जाने के बाद देशभर में यात्रा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त जेड श्रेणी की सुरक्षा घेरे में रहेंगे। बता दें कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 1984 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने 15 मई 2022 में 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर कार्यभार संभाला था।

## हाईकोर्ट ने कहा-शराब नीति केस में केजरीवाल की गिरफ्तारी सही

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार (9 अप्रैल) को शराब नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी-रिमांड को सही ठहराया। हाईकोर्ट ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने हमारे सामने पर्याप्त सबूत पेश किए। हमने बयानों को देखा, जो बताते हैं कि गोवा के चुनाव के लिए पैसा भेजा गया था। हाईकोर्ट ने फैसले में सीएम को रिमांड में भेजने का फैसला भी बरकरार रखा है।

## राज्यपाल को चिट्ठी, सुप्रीम कोर्ट जाने की चेतावनी

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव को लेकर पश्चिम बंगाल में सियासी पारा बढ़ रहा है। एक तरफ भाजपा ने टीएमसी को संदेशखाली के मुद्दे पर घेरा है, तो दूसरी तरफ टीएमसी ने भी केंद्र सरकार पर एंजेसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। अब इस मुद्दे को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस से कहा है कि भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और चुनाव आयोग इस बारे में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। इसे लेकर तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को पश्चिम



बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस को पत्र लिखा। पत्र में पार्टी के नेता अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा टीएमसी नेताओं को निशाना बनाने की साजिश रची जा रही है। टीएमसी द्वारा राज्यपाल को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि भाजपा ने एनआईए, ईडी, सीबीआई और आईटी के साथ सांठगांठ कर ली है। आगामी चुनावों की शुरुआत से ही, विपक्ष के नेताओं के खिलाफ देशव्यापी कार्रवाई हो रही है।

टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी का कहना है कि हम निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़ा एक कार्यकर्ता हाथ में पैकेट लेकर एनआईए अधिकारी के घर गया था और जब वो वापस लौटा तो हाथ में पैकेट नहीं था। उन्होंने कहा कि उनके पास इसकी वीडियो फुटेज हैं।

## रामनवमी पर होगा रामलला का सूर्य तिलक

**अयोध्या।** इस बार रामनवमी पर सूरज की किरणें राम मंदिर में विराजमान भगवान श्री रामलला का अभिषेक करेंगी। किरणें 17 अप्रैल को दोपहर ठीक 12 बजे मंदिर की तीसरी मंजिल पर लगाए गए ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम के जरिए गर्भगृह तक आएंगी। यहां किरणें दर्पण से परावर्तित होकर सीधे रामलला के मस्तक पर 4 मिनट तक 75 मिमी आकार के गोल तिलक के रूप में दिखेंगी। इस सूर्य तिलक को देश के दो वैज्ञानिक संस्थानों की मेहनत से साकार किया जा रहा है।

## भारत के प्राचीन इतिहास पर बोले एनएसए अजीत डोभाल

### कुछ चीजों पर आलोचक भी नहीं उठा सकते सवाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भारतीय इतिहास के बारे में कुछ सवाल है, जिन पर कोई भी अंगुली नहीं उठा सकता, यहां तक कि हमारे आलोचक भी नहीं। भारत के इतिहास पर बोलते हुए अजीत डोभाल ने कहा कि इसके तीन कारण है। पहला इसकी प्राचीनता, जो सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है। दूसरा, निरंतरता, यानि शुरुआत से तकरीबन 4000 से 5000 वर्ष पूर्व से आज तक यह निरंतर चलता आ रहा है। तीसरा इसका विशाल विस्तार है। अपने संबोधन के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि जब हजारों वर्षों के इस विस्तार के बारे में सोचते हैं, विशाल क्षेत्र में निरंतर इतिहास के बारे में जो कथा सामने आती है, वो ये है कि सिकंदर था, जिसने भारत की खोज की थी। वास्तव में वह केवल झेलम में ही भारत की सीमा में आया था। उसके बाद शायद आगे नहीं बढ़ पाया था। 1746 से 1792 तक कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विलियम जोन्स ने कहा था कि मुझे कहीं भी किसी भी संस्कृत, पाली, प्राकृत साहित्य या स्थानीय बोलियों में सिकंदर का कोई उल्लेख नहीं मिला है।

## बृजभूषण ने ठुकराया भाजपा का प्रस्ताव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भाजपा की अंतिम सूची रामनवमी के बाद ही जारी हो सकती है। यूपी की इस सीट की वजह से सूची उलझी हुई है। बृजभूषण ने भाजपा का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर माहौल गरमाने के साथ ही लोगों की निगाहें पर अब शेष 12 सीटों के भाजपा उम्मीदवारों पर टिकी हैं। हालांकि सूत्रों का कहना है कि इन सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह की वजह से उलझी हुई है। माना जा रहा है कि भाजपा के शेष सभी उम्मीदवारों की सूची अब रामनवमी के बाद ही जारी होगी। भाजपा नेतृत्व शेष बची सभी 12 सीटों पर उम्मीदवारों की सूची एक साथ जारी करना चाहता है। पर, कैसरगंज सीट को लेकर पेच फंसा हुआ है।



इस सीट से सांसद बृजभूषण हर हाल में चुनाव लड़ने पर अड़े हैं। पर, महिला पहलवानों से हुए विवाद को देखते हुए पार्टी नेतृत्व उनके स्थान पर उनके परिवार के किसी सदस्य या उनके सुझाव पर किसी दूसरे को चुनाव लड़ाने को तैयार है। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि बृजभूषण को टिकट दिया गया तो विपक्ष को बैठे-बिठाए एक मुद्दा मिल जाएगा। सूत्रों के अनुसार बृजभूषण के हठ को देखते हुए भाजपा नेतृत्व अब एमपी-एमएलए कोर्ट दिल्ली के फैसले की प्रतीक्षा कर रहा है। बृजभूषण के एक मामले में अंतिम सुनवाई होने वाली है। संभव है कि इसी दिन फैसला भी आ जाए। इसलिए नेतृत्व ने तय किया है कि कोर्ट का फैसला आने के बाद ही सभी 12 सीटों के उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। सूत्रों के अनुसार भाजपा नेतृत्व ने बृजभूषण की पत्नी या बेटे प्रतीक भूषण में किसी एक को टिकट देने का प्रस्ताव दिया है। फिलहाल बृजभूषण इसके लिए तैयार नहीं हैं और उन्होंने प्रस्ताव ठुकरा दिया है।

जिन सीटों पर उम्मीदवार घोषित होने हैं, उनमें मैनपुरी, रायबरेली, गाजीपुर, बलिया, भदोही, मछलीशहर, प्रयागराज, फूलपुर, कौशांबी, देवरिया, फिरोजाबाद और कैसरगंज शामिल हैं।

## मेरा बेटा अनिल चुनाव हारना चाहिए, एके एंटनी बोले-कांग्रेस ही मेरा धर्म है

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने कहा है कि वह चाहते हैं कि उनका बेटा अनिल एंटनी चुनाव हार जाए और उसके सामने चुनाव लड़ रहा कांग्रेस उम्मीदवार जीत जाए। मंगलवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एके एंटनी ने कहा कि उनका बेटा, अनिल के एंटनी, जो पतनमतिट्टा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहा है, वह चुनाव नहीं जीतना चाहिए। पूर्व रक्षा मंत्री ने कहा कि अनिल एंटनी को हार मिले और उनके प्रतिद्वंदी और कांग्रेस उम्मीदवार एंटो एंटनी जीतने चाहिए। एके एंटनी ने कांग्रेस नेताओं के बच्चों के भाजपा में शामिल होने को भी गलत बताया और कहा कि कांग्रेस ही मेरा धर्म है। एके एंटनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी लगातार मोदी, भाजपा और आरएसएस के खिलाफ लड़ रहे हैं। विपक्षी गठबंधन हर दिन आगे बढ़ रहा है और भाजपा नीचे जा रही है। मुझे लगता है कि हमारे पास सरकार बनाने का मौका है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी बीते साल अप्रैल में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे।

## बैतूल संसदीय क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी का हार्ट अटैक से निधन, चुनाव स्थगित

**बैतूल।** मध्यप्रदेश में बहुजन समाज पार्टी के बैतूल लोकसभा सीट से प्रत्याशी अशोक भलावी का हार्ट अटैक आने से निधन हो गया। उन्हें मंगलवार दोपहर को सीने में दर्द उठा था और उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि अशोक भलावी को बहुजन समाज पार्टी ने बैतूल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया था। पिछली बार भी अशोक बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़े थे। सोहागपुर गांव के पास रहने वाले अशोक भलावी पेशे से सब्जी व्यापारी थे, वे बैतूल जनपद के सदस्य भी रह चुके हैं। अशोक भलावी के चार बेटे हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को उनके गृह ग्राम सोहागपुर में होगा। बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी का कहना है कि बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी की मौत के संबंध में रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को भेज दी है।

## आदिवासी वोटरों को साधने में जुटी कांग्रेस

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की 29 सीटों पर कांग्रेस इस बार जोरदार टक्कर देती दिखाई नहीं दे रही है, लेकिन कांग्रेस का फोकस प्रदेश की छह आदिवासी सीटों पर है। इन सीटों पर कांग्रेस ने प्रत्याशी भी सोच विचार कर उतारे है और बड़े नेता भी इन सीटों पर ही ज्यादा प्रचार करने जाएंगे।

राहुल गांधी ने भी मध्य प्रदेश में अपने चुनावी अभियान का श्रीगणेश आदिवासी बहुल्य शहडोल से किया।उनकी एक सभा धार व झाबुआ क्षेत्र में भी हो सकती है,क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मालवा निमाड़ में भाजपा से ज्यादा आदिवासी सीटें मिली थी। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की छह आदिवासी सीटें जीती थी। कांग्रेस के रणनीतिकारों का मानना है कि एंटी इंकमबैंसी फेक्टर आदिवासी सीटों पर काम कर सकता है और कांग्रेस को इस कारण फायदा हो सकता है। भाजपा ने भी टिकट चयन के समय आदिवासी सीटों पर विशेष ध्या दिया। यहीं कारण है कि धार और रतलाम झाबुआ सीट पर भाजपा ने उम्मीदवार भी बदले।

भाजपा ने मध्य प्रदेश में 29 सीटों पर जीत दर्ज कराने का टारगेट रखा है। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पास सिर्फ छिंदवाड़ा लोकसभा सीट थी। तब दिग्विजय सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे दिग्गज नेता भी चुनाव हार गए थे। कांग्रेस इस चुनाव में अनुसूचित जनजाति बाहुल्य धार, खरगोन, रतलाम-झाबुआ, शहडोल,मंडला और बैतूल लोकसभा सीट पर ज्यादा ध्यान दे रही है।डेढ़ माह पहले राहुल गांधी ने न्याय यात्रा के दौरान झाबुआ और धार लोकसभा सीटों के सभाएं ली थीं।

## चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां शारदा मंदिर पहुंचे सीएम मोहन यादव

**मैहर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मैहर स्थित मां शारदा मंदिर में दर्शन पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रदेश और देशवासियों के सुखी, स्वस्थ और समृद्ध होने की कामना है।

मैहर जिले में नवरात्र के प्रथम दिन मां शारदा मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। मां के दर्शन के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं तांता लग गया। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां शारदा की उपासना कर व्रत उपवास शुरू किया।

मैहर रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 2081 पिंगल नव संवत्सर की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि



शक्ति का यह पर्व है, नवरात्रि के पावन पर्व पर हम सब कामना करें। विक्रम संवत का आज का दिन, नए वर्ष का पहला दिन हम सभी के जीवन में मंगल ही मंगल करे, ऐसी मैं कामना करता हूं। हमारा सौभाग्य है कि आज हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बालाघाट आ रहे हैं।चुनाव अभियान में मोदी जी की उपस्थिति प्रदेश को नई ताकत, संबल, ऊर्जा देगी। जिस प्रकार से पूरा देश और प्रदेश मोदीमय हुआ है, उसी कड़ी में मध्यप्रदेश और जोर शोर से अपने अभियान में लगेगा। जिस प्रकार से जनता का आशीर्वाद दिख रहा है, वो निश्चित रूप से मोदी जी को मिलेगा। सब जानते हैं शक्ति के मामले में, खासकर महिलाओं के मामले में कांग्रेस की दृष्टि और कांग्रेस की भाषा क्या रहती है? कांग्रेस के दिग्गज नेताओं पर तंज कसते हुए सीएम ने कहा कि शक्ति का प्रताप है कि बड़े-बड़े दिग्गज अपने अपने घर से, लोकसभा क्षेत्र से नहीं निकल पा रहे हैं। अपने क्षेत्र में ही सीमित हो गए हैं।

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुबह 11:30 बजे त्रिकूट पर्वत पर स्थित मां शारदा की पूजा-अर्चना की। वहां मौजूद पंडितों ने मां का श्रृंगार किया। मंत्रोच्चार के साथ माता जी को नया वस्त्र धारण कराया। मुख्यमंत्री यादव ने विश्व कल्याण के लिए मां शारदा से प्रार्थना की। मां शारदा देवी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, प्रतिमा बागरी, सतना सांसद गणेश सिंह, मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने उपस्थित रहे। मैहर के त्रिकूट पर्वत पर विराजीं मां शारदा के मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए चैत्र नवरात्रि के पहले दिन बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे।मंगलवार सुबह पट खुलने के बाद यहां विशेष आरती हुई। पुजारी पवन महाराज ने जगत जननी मां की आरती उतारी। फिर माता शारदा के दर्शन के लिए लंबी लाइनों में खड़े भक्तों ने माथा टेककर मातेश्वरी की कृपा प्राप्ति की कामना की। अनुमान है कि नौ अप्रैल से 18 अप्रैल तक चलने वाले चैत्र नवरात्रि मेले में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु माता शारदा के दर्शन के लिए मैहर पहुंचेंगे।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, चालक की दर्दनाक मौत

## गोभा चौकी क्षेत्र के पिपराकुरन्द्र की घटना, घर में पसरा सन्नाटा

**सिंगरौली।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रेत माफियाओं ने इस कदर तांडव मचा रखा है कि लोग अब सहम चुके हैं। रेत माफियाओं द्वारा प्रतिदिन पूरी रात रेत का परिवहन धड़ल्ले से कर रहे हैं और ट्रैक्टर की रफ्तार इस कदर होती है कि अगर कोई सामने आ जाए तो वह बच नही सकता। लोग कह रहे हैं इन रेत माफियाओं के ट्रैक्टरों की रफ्तार सुपर फास्ट एक्सप्रेस से भी तेज रहती है। एक तरफ पुलिस कप्तान रेत माफियाओं पर अंकुश लगाने की बात करती हैं वहीं दूसरी ओर रेत माफिया धड़ल्ले से रेत के कारोबार को अंजाम देकर पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। फिर भी कोतवाली पुलिस कहती है हमारे क्षेत्र में अवैध रेत का कारोबार बंद है। अभी हाल ही में बीते दिवस कोतवाली थाना क्षेत्र के बलियरी में एक नाबालिग को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मौत की नींद सुला दिया था ,वहीं आज मंगलवार की भोर में कोतवाली क्षेत्र के गोभा चौकी अंतर्गत



पिपराकुरन्द्र में रेत खाली कर वापस लौट रहा ट्रैक्टर तेर रफ्तार की वजह से अनियंत्रित होकर पलट गया,जहां इस घटना में ट्रैक्टर चालक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जब इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को लगी तो भीड़ इकठ्ठा हो गई। आनन-फानन में इसकी सूचना लोगो ने गोभा चौकी पुलिस को दी। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन भी रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। वहीं मौके पर पहुंची गोभी चौकी पुलिस मौका मुआयना करते हुए पंचनामा प्रक्रिया उपरांत शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैढ़न थाना क्षेत्र के अतर्गत चौकी गोभा के ग्राम खटखरिया में सुबह लगभग 3 बजे के आसपास ट्रैक्टर से रेत खाली कर वापस लोटते समय रफ्तार तेज होने की वजह से अनियंत्रित होकर पलट गया। जहां मौके पर ही ड्राइवर की मौत हो गई।

वही ड्राइवर का नाम सुजीत कुमार बैगा पित्ता गुलाब बैगा उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी ग्राम खटखरीया करौटी का बताया जा रहा है।

जबकि ट्रैक्टर मालिक का नाम गुड्डू बैस बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची बैढ़न पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। एक तरफ पुलिस कहती है कि हमारे क्षेत्र में कोई अवैध कार्य नहीं हो रहा है और दूसरी तरफ घटना पर घटना घट रही है। अब ऐसे में देखा जाए तो यह दूसरा मामला सामने आया है। जो अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर से दुर्घटना हुआ और जान गंवानी पड़ी। पहला मामला बैढ़न धाना क्षेत्र के बलियरी में हुआ। जहां एक 14 साल के बालक बैगा की जान गई अवैध रेत के चक्कर में। यह दूसरा मामला है जो आज बैढ़न थाना क्षेत्र के गोभा चौकी क्षेत्र में घटित हुआ है।

### परिजनों पर टूट पड़ा दुःख का पहाड़

बताते चले कि जब इस घटना की जानकारी परिजनों को लगी तो परिजन हक्का-बक्का रह गए। आनन-फानन में रोते-बिलखते घटना स्थल पहुंचे। वहीं मृतक का नाम सुजीत बैगा पिता गुलाब प्रसाद बैगा उम्र लगभग 25 वर्ष है। मृतक की पत्नी व लगभग 2 वर्ष की एक बच्ची है। वही मृतक के पिता गुलाब प्रसाद बैगा ने बताया कि रात 3 बजे भोर की घटना है। ट्रैक्टर से रेत खाली करके लौटते समय घटना हुई है और वहीं गोभा पुलिस चौकी पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## एनटीपीसी ले उपलब्ध कराया वॉटर कूलर



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली वार्ड क्रमांक 38 के पार्षद, कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट अनिल कुमार वैश्य गर्मी के मौसम को मद्देनजर रखते हुए एनटीपीसी से वॉटर कूलर के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। जहां आज मंगलवार को एनटीपीसी सीएसआर मद से उनकी मांग पर वॉटर कूलर उपलब्ध कराया गया। नवरात्रि के प्रथम दिन मंगलवार को एनटीपीसी के सीएसआर विभाग द्वारा जिला अधिवक्ता संघ वैढन के अध्यक्ष बृजेंद्र देव पांडेय को कार्यकरणी सद्स्य व पार्षद अनिल कुमार वैश्य ने सीएसआर मद से मिले एक नग वॉटर कूलर को सुपुर्द किया। इस अवसर पर सचिव एड सुरेश जायसवाल, एड. केपी वैस, एड . जितेंद्र चौरसिया, एड. सुरेंद पाण्डेय, एड. बाबू राम जायसवाल, एड. संतोष दूबे, एड. रामलखन वैस, दिवाकर वैस आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रदेश संगठन महामंत्री एवं उप मुख्यमंत्री पहुंचे सिंगरौली

# भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन पर विशेष जोर देने को किया निर्देशित

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल अल्प प्रवास पर सिंगरौली पहुंचे। सोमवार की शाम लगभग 8 बजे भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक ली तथा चुनावी अभियान पर गहन चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने की तथा अन्य अतिथियों में पंचायत राज्यमंत्री राधा सिंह, लोकसभा प्रभारी कमलेश्वर सिंह, जिला संगठन प्रभारी प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक रामनिवास शाह, लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजेश मिश्रा, लोकसभा संयोजक के के तिवारी पूर्व विधायक रामलल्लू वैश्य, सुभाष वर्मा मंचासीन रहे।

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि इस लोकसभा चुनावों के दृष्टिकोण से में पूरे देश में 150 क्लस्टर बनाये गये हैं जिनके प्रभारियों की बैठक में मोदी जी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि इस चुनाव में बूथ और पन्ना हमारे केन्द्र बिन्दु में होना चाहिए। हमने विगत दस वर्षों में अनेक बड़े




कार्य किये हैं जिनके बारे में जन जन को बताने के लिये हमारे बूथ के कार्यकर्ता तथा पन्ना प्रमुखों का कृयाशील होना नितांत आवश्यक है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने कहा कि अभी तक के पूर्व निर्धारित सभी कार्यक्रम ठीक चल रहे हैं मैं कोई नया कायक्रम जोड़ने नहीं आया हूं। मैं आप सभी का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से यहां आया हूं। समस्त मंडल अध्यक्ष अपने मंडल के लिये एक लक्ष्य निर्धारित करें कि हमें कितने वोटों से अपने उम्मीदवार को लीड देना है। बूथ प्रबंधन पर अपनी पूरी ताकत लगानी है। आज देश में ग्राम सभा से लेकर लोकसभा तक जो भारतीय जनता पार्टी का परचम है हमें इस गति को रूकने नहीं देना है और 370 सीटों के लक्ष्य के लिए हर बूथ पर विजय पाने की रणनीति पर काम करना है।

**इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुंदरलाल एवं आभार प्रकटन जिला महामंत्री राजकुमार दुबे ने किया। मुख्य रूप से पूर्व संगठन मंत्री जितेंद्र लिटोरिया, लोकसभा विस्तारक डाक्टर संदीप मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश द्विवेदी, प्रेमवती खैरवार, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय,विधानसभा संयोजक ज्ञान प्रकाश गुप्ता,जिला मंत्री पूनम गुप्ता, प्रवेंद्र धर द्विवेदी, धुव सिंह, विनोद चौबे समस्त मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मोर्चे के अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडलों के प्रभारी उपस्थित रहे।

# अजय सिंह का दौरा आज सिंगरौली में

**सिंगरौली।** लोकसभा सीधी 11 कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार हेतु सिंगरौली में पूर्व नेता प्रतिपक्ष चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल एवं कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मंत्री कमलेश्वर इंद्रजीत कुमार के सुनिचित दौरा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अरविंद सिंह चंदेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर नवानगर ब्लाक अंतर्गत पदाधिकारियों की बैठक हुई। जहां बताया गया कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष चुरहट विधायक एवं कांग्रेस प्रत्यासी का 10 अप्रैल को विधानसभा देवसर के सरई में 11 बजे से जनसभा,बंधा में दोपहर 1 बजे से जनसंपर्क एवं सभा,दोपहर 3 से देवसर के खुटार में जनसभा, सायं 5 से देवसर के माड़ा में जनसभा,सायं 7.30 बजे से सिंगरौली विधानसभा के नवानगर में जनसभा,रात्रि विश्राम बैढ़न में 11 अप्रैल विधानसभा चितरंगी एवं सिंगरौली,प्रात: 9 बजे चितरंगी विधानसभा के लिए प्रस्थान,प्रात: 11 बजे विधानसभा चितरंगी के खुरमुचा में जनसभा,दोपहर 1 बजे से लाल माटी वर्दी चितरंगी विधानसभा में ही जनसंपर्क एवं सभा,दोपहर 3.30 बजे से विधानसभा चितरंगी के मिसरगावा में सभा,सायं 5 बजे से चितरंगी विधानसभा के देवरा में जनसंपर्क एवं सभा,सायं 8 बजे से विधानसभा सिंगरौली के जयंत गोल मार्केट में जनसभा,रात्रि विश्राम बैढ़न में,12 अप्रैल विधानसभा 80 सिंगरौली प्रात: 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक जलहथनी में जनसंपर्क एवं सभा,दोपहर 12.30 से 1.30 तक तियरा में जनसभा,दोपहर 2 बजे से मनोज दुबे के कार्यालय परसौना में कार्यकर्ताओ के साथ चाय पर चर्चा स तत्पश्चात सीधी के लिए रवाना होगें।

## आरसीएमएस इंटक प्रतिनिधि मंडल ने एनसीएल सीएमडी से की सौजन्य भेंट



**सिंगरौली।** यूथ इंटक अध्यक्ष व आरसीएमएस एनसीएल अमलोरी परियोजना अध्यक्ष मनोज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ इंटक के रीजनल सचिव आनंद द्विवेदी,झींगुरदह परियोजना के अध्यक्ष रामचंद्र सोनकर,जयंत परियोजना के अध्यक्ष उपेंद्र दुबे, जयंत परियोजना के सचिव प्रमोद सिंह चौहान एनसीएल सिंगरौली सीएमडी बीसाइराम से मुलाकात कर कंपनी के कार्यों एवं कोल कर्मियों से जुड़े मुद्दे पर संगठन से संबंधित विषय पर चर्चा किया।

# 9 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी बैढ़न से गिरफ्तार

**सिंगरौली।** गोरबी पुलिस ने 9 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी को बैढ़न क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने महिला संबंधी अपराधों समेत आरोपियों और वारंटियों की धरपड़ हेतु दिशा निर्देश जारी कर दिए थे। इसी तारतम्य में मोरवा निरीक्षक अशोक सिंह परिहार के सतत निगरानी में उपनिरीक्षक भिपेंद्र पाठक ने थाना मोरवा के महिला संबंधी अपराध के वर्ष 2015 के न्यायालय प्रकरण क्रमांक 440/15 धारा 354(क) भादवि के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी देवलाल प्रजापति पिता कैलाश प्रजापति निवासी करैला को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि यह कोरोना काल के पहले से गांव क्षेत्र से बाहर फरार हो गया था। उक्त आरोपी के बारे



में चौकी प्रभारी और उनकी टीम द्वारा जानकारी निकालने का लगातार प्रयास किया जा रहा था जो आरोपी के लंबे समय तक दिल्ली में रहने एवं पिछले कुछ समय से छत्तीसगढ़ के बीजपुर में अपने ससुराल में आकर रहने की जानकारी प्राप्त हुई थी। पुलिस को मुखबिर द्वारा पता चला कि मामले का वारंटी किसी काम से बैढ़न में आया हुआ है। सूचना पर तत्काल प्रभारी द्वारा अपने टीम के साथ बैढ़न इलाके से वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक सिंह परिहार, उनि भिपेंद्र पाठक, सउनि राजेश द्विवेदी, प्रआर राजकुमार तिवारी, राजबहोर, आर अमन रावत, प्रताप कुमार, कियामुद्दीन की भूमिका रही।

## दूधिचुआ खदान में घायल अवस्था में पड़ा मिला युवक, इलाज के दौरान हुई मौत

**सिंगरौली।** मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे दूधिचुआ पश्चिम में जेएसको कैम्प के पीछे खदान जाने वाली सड़क के किनारे ओबी कर्मचारियों को घायल अवस्था में एक युवक पड़ा मिला। युवक बुरी तरह जख्मी था, कयास लगाए जा रहे हैं कि वह ऊपर से नीचे गिर गया होगा। प्रत्यक्षदर्शियों ने मोरवा थाना को सूचना दी। सूचना पर मोरवा निरीक्षक अशोक सिंह परिहार ने घायल युवक को इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया और घटना स्थल का निरीक्षण कराया। घायल युवक ने नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। युवक की



पहचान सरोज कुमार खैरवार पिता रामनरेश खरवार उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मेढौली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार यह व्यक्ति चड्ढा कंपनी में बतौर हेल्पर कार्यरत था और उसकी आज छुट्टी भी थी। युवक घटनास्थल पर कैसे पहुंचा यह अभी भी सवाल बना हुआ है। फिलहाल घटना के कारणों का पता लगाने में मोरवा पुलिस जुटी है।

# मुडिया पहाड़ जमीन मामले मे अंकुर त्रिवेदी सहित चार के खिलाफ विभिन्न धाराओ मे होगा मामला दर्ज

## विशेष न्यायधीश माननीय आरपी सोनकर की न्यायालय ने दिया फैसला

**पन्ना।** पन्ना जिले का बहुचर्चित मामला विगत दो तीन वर्षो से सुर्खियो मे था, जिसमे भू-माफिया तथा भाजपा के वर्तमान मे जिला उपाध्यक्ष अंकुर त्रिवेदी सहित उनके पिता खुन्ना माता प्रमला देवी तथा हीरा लाल आदिवासी द्वारा मुडिया पहाड मे रह रहे आदिवासीयो की जमीनो को कूट रचित दस्तावेजो के आधार पर अपने नाम करा लिया तथा उक्त जमीन मे आलीशान कोठी भी बना ली थी। उक्त मामले को लेकर गरीब आदिवासीयो द्वारा लगातार लडाई लडी गई। इसी मामले मे तत्कालीन एसडीएम शेर सिंह मीना द्वारा उक्त जमीन गरीब आदिवासीयो के नाम ही दर्ज करने के आदेश दिये गये थें। लेकिन अपर कलेक्टर द्वारा एसडीएम का आदेश पलटते हुए मामले मे स्थिग्न दे दिया गया था। जिसको लेकर आदिवासी दारा गोंड पुत्र बाला गोड़ उर्फ दुग्गे निवासी रानीगंज पन्ना ने माननीय न्यायालय विशेष न्यायधीश एससी एसटी, पीओए एक्ट पन्ना मे अंपतजीयत परिवाद क्रमांक पन्ना नम्बर 211/2022 सीएनआर नम्बर 35010019762021 दायर की गई थी। परिवादी की ओर से अधिवक्ता शैलेश विश्वकर्मा द्वारा मामले मे पैरवी की गई थी। प्रस्तुत परिवाद का अवलोकन किया गया तथा परिवादी की ओर से दण्ड प्रक्रिया



की धारा 156 (3) धारा 190 एवं धारा 200 के तहत दण्ड संहिता धारा 420, 326, 34 एवं अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारा 3(1)(पअ) सहित अभियुक्तगण अंकुर त्रिवेदी, अवधेश त्रिवेदी, श्रीमती सुमला त्रिवेदी एवं हीरा लाल गोड़ के विरूद्ध परिवाद दायर किया गया। जिसे जिला पुलिस पन्ना ने मामले को दर्ज करने से इंकार कर दिया। उक्त मामले मे आदिवासी भूमि मे परिवादी का विशेष शीर्षक भाईजी बनाम उपवनमंडलाधिकारी थांदला (2003) एससीसी मे अधिनियम की धारा 2ए मे आदिवासी भूमि मे लेन देन का मामला सीमित है। जिसमे बिना अधिग्रहित आदिवासी भूमी उनके उत्तराधीकारीयो को हस्तातरित की जायेगी जिसके पास यह मूल रूप से थी। पर नामान्तरण कराकर विवादित भूमियां का विक्रयपत्र अभियुक्तगण के साथ मिलकर दस्तावेजों में कूटरचना कर किया गया है और उन विक्रयपत्रों को अभियुक्त अंकुर त्रिवेदी, सुमिला त्रिवेदी तथा खुन्ना उर्फ अवधेश त्रिवेदी द्वारा अपने पक्ष में यह जानते हुए कि हीरालाल गोंड़ आदिवासी जाति का है और उससे फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विवादित भूमियों का विक्रयपत्र दस्तावेजों में धोखाधड़ी एवं छलपूर्वक रजिस्ट्री करवाकर उक्त भूमि संपत्ति को बेईमानी से उत्प्रेरित कर प्रवंचित कर धोखाधड़ी एवं छलपूर्वक अभियुक्तगण अंकुर त्रिवेदी, सुमिला त्रिवेदी एवं खुन्ना उर्फ अवधेश त्रिवेदी ने रजिस्ट्री करवाकर दस्तावेजों की कूट-रचना की गई।

# खजुराहो लोकसभा क्षेत्र मे वीडी शर्मा का होगा तेरह प्रत्याशियो से मुकाबला

**पन्ना**

खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सांसद का चुनाव लड रहें है। उनके सामने तेरह प्रत्याशी चुनाव लडेगें। जिनमें बहुजन समाजवादी पार्टी से कमलेश पटेल, निर्दलीय मोहम्मद इमरान, कपिल गुप्ता, केशकली, गिरन सिंह, नन्द किशोर, पंकज मोर्या, पन्ना लाल त्रिपाठी, फिरोज खान, बिटईया अहिरवार, आर बी प्रजापति, लक्ष्मी प्रसाद तथा पेंन्टर सुनमान सिंह लोधी ताल ठोकेगें। ज्ञात हो कि कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी संयुक्त गठबंधन की प्रत्याशी रही मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया था। जिसके चलते लोगो द्वारा यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि अन्य प्रत्याशी भी भाजपा प्रत्याशी के दबाव मे अपने अपने नामांकन वापिस ले लेगें तथा वह निरविरोध सांसद बन जायेगें। लेकिन शुरूआती दौर मे कुछ प्रत्याशीयो द्वारा चुनाव आयोग सहित अन्य वरिष्ट एजेन्सीयो को शिकायते की गई। जिससे भाजपा का उक्त प्लान फैल हो गया। इसके बाद किसी भी प्रत्याशी ने अतिंम दिन अपना नामांकन वापिस नही लिया तथा चौदहा प्रत्याशी चुनावी ताल ठोकेगें। आंगे देखना है इंडिया गठबंधन द्वारा किस प्रत्याशी का समर्थन किया जाता है। यह अभी भविष्य के गर्त में है। अभी फिलहाल प्रत्याशीयो को प्रतीक चिन्ह भी आबंटित नही किये गये है। ज्ञात हो कि खजुराहो लोकसभा क्षेत्र मे लगभग 19 लाख मतदाता है, तथा 2 हजार 2 सौ 93 मतदान केन्द्र है, एवं आठ विधानसभा खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आते है। जिसमे पन्ना की तीन विधानसभा पन्ना, गुनौर, पवई छतरपुर की दो विधानसभा चन्दला, राजनगर तथा कटनी की तीन विधानसभा बहोरीबंद, मुडवारा तथा विजयराघवगढ आतें है।

# पन्ना पहाड़ीखेरा सड़क निर्माण से क्षेत्र के लोगो का आवागमन हुआ आसान

**पन्ना।** पन्ना से पहाडीखेरा सडक मार्ग विगत कुक्ष वर्षो से काफी जर्जर था, जिसे क्षेत्रीय विधायक तथा पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयास से मध्य प्रदेश शासन की विशेष सडक निधी के द्वारा लगभग 78 लाख रूपये की राशि से निर्माण कार्य लगभग एक वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था तथा निर्माण कार्य का ठेका रवी जयसवाल कन्ट्रक्श्न कंपनी को दिया गया था। जिसके द्वारा सडक मार्ग का समयसीमा मे निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। उक्त सडक मार्ग का निर्माण होने से



क्षेत्रीय लोगो मे काफी खुशी एवं राहत की सांस है, क्योकि लोगो को आने जाने मे परेशानी का सामना करना पडता था। उक्त सडक मार्ग मे सैकडो ग्राम है जिसमें प्रमुख रूप से जनकपुर, लक्ष्मीपुर, बृजपुर, इटवांखास आदि ग्राम के लोगो को यहा राहत होगी। वहीं चित्रकूट, बांदा, कानपुर, इलाहाबाद जाने वाले लोग भी सीधे पहाडीखेडा से चित्रकूट मार्ग मे जाकर कम समय मे दूरी तय करेगें। सडक निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग की देख रेख मे चल रहा है तथा लोक निर्माण विभाग को एजेन्सी बनाया गया था। विभाग द्वारा अपनी देख रेख मे बेहतर पुल एवं पुलियो का निर्माण कराते हुए सडक का निर्माण कराया गया है। जिससे आम लोगो को काफी सुविधा होगी।

## भाजपा का सदस्यता अभियान लगातार जारी है: वीडी शर्मा

**पन्ना।** भाजपा का कारवां तेज गति से बढ़ रहा, निरंतर जनता का स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश भर में सदस्यता अभियान के अंतर्गत लगातार सभी समाज वर्गों के लोग भी पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं का कार्य अभिनंदनीय है, जिन्होंने दिये गये टास्क को पूरा किया है। भाजपा न्यू ज्वॉनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा सहित टोली के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के टास्क प्रत्येक बूथ पर 370 नए मतदाता जोड़ने का यह आधार है, जिसको पूरा किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय यादव महासभा ने लिया सामूहिक निर्णय

**पन्ना।** राष्ट्रीय यादव महासभा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय यादव महासभा मध्यप्रदेश की साप्ताहिक गूगल मीट के माध्यम से आयोजित वर्चुअल मीटिंग में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर प्रमिल कुमार यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय यादव महासभा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि मृत्यु भोज सामाजिक कलंक है, इसे बंद कर देना चाहिए इंसान स्वार्थ व खाने के लालच में कितना गिरता है जबकी मृत्यु भोज समाजिक कुरूती है जिसको बंद किया जाना चाहीए तथा समाज मे फैली हुई अन्य समाजिक कुरूतियो को भी बंद होना चाहीए। समाज के लोगो को शिक्षा के क्षेत्र मे आंगे बडकर सहयोग करना चाहीए तथा अधिक से अधिक बच्चो को शिक्षा दिलाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहीए। गरीब परिवार के बच्चो को शिक्षा के लिए मदद करना चाहीए। जिससे वे पढ़ लिखकर देश और समाज के लिए अच्छा काम कर सकेंगे। शिक्षित व्यक्ति सही मायने में संसार में सबसे अधिक धनी व्यक्ति होता है। रुपया पैसा गाड़ी बंगला जेवरात, ये सभी वस्तुएं एक समय के बाद समाप्त हो जाती हैं। लेकिन शिक्षा एक मात्र ऐसा धन है जो कि जितना खर्च करो



बढ़ता ही जाता है। विद्यावान व्यक्ति की हर स्थान पर प्रशंसा होती है व समाज में उच्च स्थान प्राप्त करता है। यह एक ऐसा धन है जिसे ना तो कोई चोर चुरा सकता है, ना ही कोई बांट सकता है, ना ही किसी प्राकृतिक आपदा से यह नष्ट होता है। समय और अनुभव के साथ यह बढ़ता ही जाता है। श्री यादव ने कहा कि आज हम सब संकल्प लें कि ना तो मृत्यु भोज देंगे ना ही मृत्यु भोज में शामिल होंगे। बैठक के दौरान जुड़े हुए सभी साथियों ने एक स्वर में मृत्यु भोज बंद करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इंजीनियर सी एस यादव संरक्षक राष्ट्रीय यादव महासभा मध्यप्रदेश ने कहा कि भागवत गीता में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं आत्मा का नाश नहीं हो सकता आत्मा केवल युगों युगों तक शरीर बदलती है। आत्मा का देह त्याग करने के बाद भौतिक जीवन में बहुत से संस्कार किए जाते हैं। श्रीमती मीरा यादव प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय यादव महासभा महिला प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश, डाक्टर बंदना यादव प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय यादव महासभा महिला प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश, एम एल यादव प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय यादव महासभा, इंजीनियर संजय सिंह यादव प्रदेश समन्वयक राष्ट्रीय यादव महासभा, तीरथ सिंह यादव, खिलावन यादव आदि।

# कांग्रेस ने किसानो से 16 प्रतिशत वसूला ब्याज , जबकि भाजपा सरकार ने शून्य प्रतिशत पर दिया फसल ऋणः डॉ राजेश

## कांग्रेस भ्रष्टाचार का पुलिंदा, रहे सावधान : विश्वामित्र पाठक

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा का धुआंधार चुनावी जनसंपर्क जन आशीर्वाद के रूप में जारी है। इसी तारतम्य में सिहावल विधानसभा के बहरी मंडल के कई ग्राम पंचायत में सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक के साथ भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा का जन दर्शन का कार्यक्रम लगातार जारी है।

नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों का केवल शोषण किया है। कांग्रेस के दिग्विजय सिंह की राज में किसानों को फसल ऋण पर 15 से 16 प्रतिशत ब्याज निर्दयता पूर्वक वसूला जाता था , किंतु भारतीय जनता पार्टी की सरकार आते ही फसल ऋण पर किसानों से ब्याज की राशि नहीं ली जाती थी अर्थात शून्य प्रतिशत पर फसल ऋण दिया गया था ।जिसके कारण 3 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए।

भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल 2003 में 159 लाख मैट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ करता था, जो आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में चार गुना बढ़कर 619 लाख मैट्रिक टन हुआ है। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किसानों की आय को दुगना करने का लक्ष्य रखा है, जिसे हम कुछ वर्षों में ही पूर्ण कर, भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था इसी पंचवर्षीय में बनाने में कारगर होंगे। यह सब आपकी एक-एक वोट का चमत्कार है।दोनों हाथ जोड़ते हुए भाजपा प्रत्याशी ने डॉ राजेश मिश्रा ने विजय श्री के लिए आशीर्वाद मांगा।



सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा के प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता हैं। कांग्रेस केवल परिवारवाद और भ्रष्टाचार की पार्टी है। केवल इतना ही नहीं भ्रष्टाचार परिवारवाद में इतनी उलझ गई की प्रभु श्री राम को काल्पनिक बताया। तुष्टिकरण की पराकाष्ठा कर, फूट डालो और राज्य करो कि अंग्रेजों की नीति पर चलती रही, जिसका परिणाम यह हुआ कि आज कांग्रेस तीसरे नंबर की पार्टी के लिए संघर्ष कर रही है और यहां के कांग्रेस प्रत्याशी का बिना नाम लिए हुए कहा कि इन्होंने तो अपने घर को भ्रष्टाचार का अड्डा ही बना लिया था। पूरा परिवार लूट खसोट में लग गया था, जिसका परिणाम विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता ने अपनी वोट की ताकत से दिया। कांग्रेस के प्रत्याशी पर कटाक्ष करते हुए सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी की जमानत भी नहीं बचेगी।

### मंत्री और भाजपा प्रत्याशी ने गेहूं की फसल काटकर किसानों का जीता दिल

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा चुनाव प्रचार के दौरान राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह के साथ जनदर्शन के दौरान किसान और मजदूरों को फसल काटते हुए देखकर स्वयं फसल काटी और कहा कि हम तो किसान पुत्र हैं। जिसके कारण विभिन्न खेतों में खेती काट रहे, किसानों ने भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजेश मिश्रा और मंत्री श्रीमती राधा सिंह का तालियां बजाकर अभिनंदन किया। इस दौरान डॉ राजेश मिश्रा, राधा सिंह, नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के जोरदार नारे लगे। फसल काटते हुए मंत्री राधा सिंह और प्रत्याशी डा राजेश मिश्रा की फोटो सोशल मीडिया पर जबरदस्त वायरल हो रही है और सुर्खियां बटोर रही है।

विभिन्न नुक्कड़ सभाओ में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष और विधानसभा प्रभारी अनिल पांडे, मंडल अध्यक्ष पुनीत पांडे ,उषा गोपाल पटेल, शिवपूजन दीक्षित, सुखराम कुशवाहा सरपंच, आशीष मिश्रा ,विश्व बहादुर कुशवाहा, शैलेंद्र कुशवाहा ,अशोक शुक्ला ,नागार्जुन शुक्ला सरपंच, विनोद धर द्विवेदी, रम्मानी पांडे, जितेंद्र यादव, काशी पांडे, बुद्ध सिंह साहू पूर्व सरपंच, पूर्व सरपंच वीरेंद्र शुक्ला, पूर्व सरपंच बाबुल कुशवाहा, पूर्व सरपंच छबिलाल कोल, राम जी पाठक सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल तथा इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार 19 अप्रैल से एक जून तक पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6.30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा।

उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

# कन्या महाविद्यालय की छात्राओं का रिजल्ट में हुआ सुधार



**सीधी।** ज्ञात हो कि कन्या महाविद्यालय सीधी का परीक्षा परिणाम बेहद निराशजनकाया था जिसको लेकर छात्र नेता शिवम शुक्ला ने ज्ञापन के माध्यम से कई बार विधायक कलेक्टर शासन प्रशासन को अवगत कराने के बाद रीवा जाकर कुलपती से मुलाकात कर कन्या महाविद्यालय की छात्रों के परीक्षा में हुए त्रुटि पूर्वक गड़बड़ी को सुधार कर पुन: रिजल्ट बनाए जाने का आग्रह किया था जिसको अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति राजकुमार आचार्य ने संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से कन्या महाविद्यालय के लगभग हजारों छात्राओं का रिजल्ट में सुधार कर कर सभी छात्रों के रिजल्ट में सुधार किया गया रिजल्ट सुधर जाने से शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने छात्र नेता शिवम शुक्ला का आभार ज्ञापित करते हुए छात्र हित में ऐसे कार्य करने की प्रशंसा व्यक्त की है।

## ईव्हीएम का द्वितीय रेण्डमाईजेशन 10 अप्रैल को

**सीधी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने जानकारी देकर बताया है कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए दिनांक 10.04.2024 को एन.आई.सी. कक्ष सीधी में प्रात: 10 बजे से द्वितीय रेण्डमाईजेशन का कार्य किया जाना है। उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के समस्त अभ्यर्थियों को द्वितीय रेण्डमाईजेशन में स्वयं अथवा अपने किसी प्रतिनिधि को एनआईसी कक्ष में उपस्थित रहने हेतु सूचित किया है। साथ ही समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को आवश्यक कार्यवाही हेतु उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

# सूर्य को अर्ग देकर किया नव वर्ष का स्वागत

**सीधी।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल जिला सीधी द्वारा नव वर्ष 09 अप्रैल को पूजा पार्क में नव वर्ष का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें भास्कर सिंह नगर अध्यक्ष के अध्यक्षता में विशेष अतिथि संत प्रदूम्न महाराज व मुख्य मार्गदर्शन लक्ष्मण सिंह प्रांत अध्यक्ष, गणेश सिंह, विभाग सयोंजक शैलेन्द्र सिंह का प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार मिश्र जिला मंत्री द्वारा किया गया। प्रांत अध्यक्ष ने नव वर्ष के विषय रखे नवरात्र हिंदू धर्म का एक खास और महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। वैसे नवरात्र साल में चार बार पड़ते हैं। साल के प्रथम चैत्र में पहली नवरात्र होती है। चौथा महीना आषाढ़ का होता है जिसमें दूसरी नवरात्र पड़ती है। इसके बाद अश्विन माह में में प्रमुख शारदीय नवरात्र होती है। साल के अंत में माघ में गुप्त नवरात्र होते हैं। इन सभी



नवरात्रों का जिक्र देवी भागवत तथा अन्य धार्मिक ग्रंथों में भी किया गया है। हिंदी कैलेंडर के हिसाब से चैत्र माह से हिंदू नववर्ष की भी शुरुआत होती है, और इसी दिन से नवरात्र भी शुरू होते हैं। लेकिन यह एक भी उत्सुकता का विषय है कि आखिर चैत्र नवरात्र से क्यों हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है। आज हम आपको बताएंगे कि इसके पीछे क्या वजह है।पौराणिक मान्यताओं पर विश्वास करें तो सृष्टि के आरंभ के समय चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन पर ही देवी ने ब्रह्माजी को सृष्टि की रचना करने का कार्यभार सौंपा था। इसलिए यह दिन सृष्टि के निर्माण का दिन माना जाता है। मान्यता है कि यह दिन समस्त जगत के आरंभ का दिन है। देवी भागवत पुराण के अनुसार, इस तिथि पर ही देवी मां ने देवी-देवताओं के कार्यों का बंटवारा किया था और तत्पश्चात सभी ने अपना काम संभालते हुए सृष्टि के संचालन के लिए शक्ति और आशीर्वाद मांगा था। इसी के चलते चैत्र नवरात्र से हिंदू वर्ष का आरंभ माना जाता है। हिंदू नववर्ष की शुरुआत चैत्र माह के नवरात्र से होने के पीछे कुछ अन्य खास महत्व भी हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, ऐसा होने के पीछे सृष्टि रचयिता ब्रह्मदेव हैं। उन्होंने आज के दिन ही संसार की रचना का कार्य शुरु किया था और इसकी प्रेरणा भगवान नारायण को प्रदान की थी। देवी पुराण में उल्लेख है कि सृष्टि के आरंभ से पूर्व अंधकार का साम्रज्य था। तब आदि शक्ति जगदंबा देवी अपने कूष्मांडा अवतार में भिन्न वनस्पतियों और दूसरी वस्तुओं को संरक्षित करते हुए सूर्यमंडल के मध्य व्याप्त थीं। जगत निर्माण के समय माता ने ही त्रिदेव यानि ब्रह्मा, विष्णु और भगवान शिव की भी रचना करी थी।

देवी पुराण में यह भी लिखा है कि इसके बाद सत, रज और तम नामक गुणों से तीन देवियां यानि लक्ष्मी,सरस्वती और काली माता की उत्पत्ति हुईं। आदिशक्ति की कृपा से ही ब्रह्मा जी ने संसार की रचना की थी, देवी ने ही भगवान विष्णु को पालनहार और शिवजी को संहारकर्ता बनाया था। देवी की कृपा से ही सृष्टि निर्माण का कार्य संपूर्ण हुआ था, इसलिए सृष्टि के आरंभ की तिथि के दिन से नौ दिन तक मां जगदंबा के नौ स्वरूपों की पूजा करने की मान्यता है।

# मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक टेलीविजन या अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा

**सीधी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये मीडिया कव्हरेज के परिप्रेक्ष्य में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले (विज्ञापन या प्रचार आदि) का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता के समक्ष प्रदर्शित नहीं करेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा कोई भी प्रयास चुनावी मामला माना जायेगा।

टीवी चैनलों में पैनल चर्चा/बहस और अन्य समाचार और समसामयिक कार्यक्रमों के प्रसारण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप लगते हैं। इस संबंध में आयोग ने स्पष्ट किया है कि टीवी/रेडियो चौनलों और केबल नेटवर्क को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि धारा 126 में उल्लेखित 48 घंटों की अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रसारित/प्रदर्शित कार्यक्रमों के कंटेन्ट में दृश्य सहित ऐसी कोई भी सामग्री शामिल नहीं है। पैनलिस्टों/प्रतिभागियों द्वारा अपील करने पर उन्हें किसी पार्टी विशेष या उम्मीदवार की संभावना को बढ़ावा देने या चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के रूप में माना जा सकता है। इसमें जनमत सर्वेक्षण और मानक बहस, विश्लेषण, दृश्य और ध्वनि-बाइट्स का प्रदर्शन शामिल होगा। इसमें टीवी, केबल नेटवर्क, रेडियो, सिनेमा हॉल में किसी भी चुनावी मामले पर राजनीतिक विज्ञापन, किसी भी मतदान में थोक एसएमएस/वॉयस संदेशों, ऑडियो विजुअल डिस्प्ले का उपयोग आदि भी शामिल है।

आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के लिये आयोग के पूर्व आदेशानुसार राज्य/जिला स्तर पर गठित समितियों द्वारा पूर्व-प्रमाणन की आवश्यकता होगी। इस संदर्भ में आयोग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का एनबीएसए द्वारा 3 मार्च, 2014 को जारी ''चुनावी प्रसारण के लिए दिशा-निर्देश'' की ओर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया गया है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ᑭᗪᑭ) ने आम चुनावों के दौरान चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए अपने प्लेटफार्मों के स्वतंत्र, निष्पक्ष और नैतिक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सभी भाग लेने वाले सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के लिए एक ''स्वैच्छिक आचार संहिता'' भी विकसित की है। सभी चुनावों के दौरान इस ''स्वैच्छिक आचार संहिता'' का पालन किया जाना चाहिए। यह संहिता वर्तमान लोकसभा चुनावों में भी लागू है। इस संबंध में आयोग द्वारा सभी संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का 20 मार्च, 2019 की ''स्वैच्छिक आचार संहिता'' की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है।

आयोग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार या कोई अन्य संगठन या व्यक्ति मतदान के दिन और मतदान के दिन से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा, बशर्ते कि राजनीतिक विज्ञापनों की सामग्री पूर्व-प्रमाणित हो।

## ईव्हीएम की कमीशनिंग 11 अप्रैल से

**सीधी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने जानकारी देकर बताया है कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए दिनांक 11.04.2024 से दिनांक 15.04.2024 तक कमीशनिंग का कार्य संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी में किया जाना है जिसके लिए स्ट्रांग रूम खोलने की आवश्यकता है। उन्होने समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि कमीशनिंग दिनांक 11.04.2024 से कार्य समाप्ति दिनांक तक प्रात: 9.30 बजे आप स्वयं अथा अपने किसी प्रतिनिधि को संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी के पुराना भवन में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को आयोग के निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यवाहियां सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

# कांग्रेस जल, जंगल और जमीन का कानूनी हक देगी

## कार्यकर्ता अपने बूथ पर मजबूती से काम करें : अजय सिंह

**सीधी।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपने बूथ पर मजबूती से काम करने के लिए कहा है। आज धौहनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मझौली में उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे बूथ जीतो चुनाव जीतो की रणनीति पर काम करें। अपनी पोलिंग अपने बूथ पर मजबूती के साथ सभी कार्यकर्ता कार्य करे और अपनी पोलिंग जीते तभी हम इस चुनाव में सम्मान जनक जीत दर्ज कर पायेंगे। सीधी लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश्वर पटेल के पक्ष में आयोजित सभाओं में सिंह ने आदिवासी भाइयो से कहा कि इंदिरा गांधी जी और कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने आपको जमीन



वापिस दी, जमीन का हक आपको दिया और यह हम हमेशा करते रहे हैं। भाजपा को जहां भी मौका मिलता है आदिवासियों की जमीन छीन कर बड़े बड़े उद्योपतियों के नाम कर देते हैं। चुनाव का समय है हमने अभी घोषणापत्र बनाया है उसमें तीन, चार क्रांतिकारी काम आदिवासी वर्ग के लिए किये हैं। जिससे आपकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल जायेगी। इसमें आर्थिक और जातिगत जनगणना, जल, जंगल, ज़मीन का क़ानूनी हक़, वन अधिकार अधिनियम लागू करना और वन अधिकार क़ानून वाले पट्टों का एक साल में फ़ैसला करना शामिल है। इसके साथ ही आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र अधिसूचित होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग धर्म के नाम पर लड़वा कर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं। इस समय देश एक बार फिर दूसरी आजादी की लड़ाई लड़ रहा है, इसके लिए आप सभी को साथ देना होगा। अजयसिंह ने आदिवासी भाइयो से अपील की है कि आगामी चुनाव में कांग्रेस को अपना समर्थन दें ताकि इस क्षेत्र के विकास की गतिविधियां फिर शुरू हो सके। लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि छोटे व्यवसाय बंद होते जा रहे है। युवा कहते हैं हमें रोजगार चाहिए तो रोजगार कैसे मिलेगा। हिंदुस्तान की सरकार में तीस लाख सरकारी भर्तियां हैं, लेकिन भाजपा के लोग आपको भर्ती नहीं करते।

फार्मेट सी-1
(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी वी में प्रकाशन हेतु)

## आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत सरकार संघ एवं अन्य ) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **कमलेश्वर सिंह पटेल, म0 न0 32 ग्रा0 एवं पो0 सुपेला तह0 सिहावल जिला सीधी म0प्र0**

राजनैतिक दल का नाम: **इण्डियन नेशनल कांग्रेस**

निर्वाचन का नाम: **लोकसभा निर्वाचन 2024**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम: **11-सीधी**

मैं **कमलेश्वर सिंह पटेल,** उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँ।

| क्रम सं | लंबित आपराधिक मामले | | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियम की धारा(एं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण |
| 1 | – | FIR No: 521/21 प्रकरण विवेचना में लंबित है। | 147, 149, 341 IPC राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 8 (बी) भीड़ के साथ चक्काजाम | – | – |
| 2 | – | FIR No: 609/21 प्रकरण विवेचना में लंबित है। | 188, 269, 270, 34 ताही 51 बी आपदा प्रबंधन अधिनियम लॉकडाउन का उलंघन | – | – |
| 3 | – | FIR No 347/17 प्रकरण विवेचना में लंबित है। | 465, 441 IPC रजिस्ट्रार श्री सुसांत हुडी जे-2 माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के ज्ञापन क्रमांक जबलपुर / 237 / 29 /05 /17 के पालन में | – | – |

नोट:- 1– Bhopal Shamla Hills FIR No 125/15 (JMFC Bhopal RT No: 9359/15 Date: 04/09/15) दिनांक 20/12/2019 को उन्मोचित किया गया।
2- उच्च न्यायालय जबलपुर ई0पी0 13/14 एवं 17/14 (माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 05/01/2023 को जारी आदे शानुसार उक्त दोंनो पिटीशन खारिज की गई)



## संपादकीय

# इंसान की पूंछ

यह सवाल पुराना है कि इंसानों की पूंछ कहां गई? अमेरिकी शोधकर्ताओं ने मनुष्यों और अन्य वानरों द्वारा साझा किए जाने वाले आनुवंशिक परिवर्तनों की पड़ताल की है। अनुमान है कि लगभग 2.5 करोड़ वर्ष पहले हमारे पूर्वजों ने अपनी पूंछ गंवा दी थी। वास्तव में पूंछ संबंधी यह खोज ढाई वर्ष पहले हो गई थी, किंतु व्यावहारिक रूप से चूहों पर कुछ परीक्षण कार्य चल रहा था। जीन-संपादित चूहों के कई उपभेदों को विकसित करने और अतिरिक्त परीक्षण करने की जरूरत थी, ताकि आनुवंशिक परिवर्तनों का प्रभाव स्पष्ट रूप से सामने आए। इस कार्य में शोधकर्ताओं को सफलता मिली है और उसके बाद ही शोध का नेचर पत्रिका में प्रकाशन हुआ है। जीनोम में इंसानों के समान ही बदलाव करके चूहों की पूंछ को छोटा या खत्म करना संभव है। इस नई शोध का सर्वाधिक श्रेय आनुवंशिकीविद बो जिया को दिया जा रहा है। पूंछ का सवाल उन्हें बचपन से परेशान करता आ रहा था और कुछ साल पहले इस विषय पर शोध की जरूरत उन्हें इसलिए महसूस हुई, क्योंकि वह खुद टेलबोन की चोट से उबर रहे थे। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय में पीएचडी के दौरान ही उन्होंने इस पर गंभीरता से काम शुरू कर दिया था और अब उनकी टीम की मेहनत रंग लाई है। अधिकांश बंदरों के विपरीत, वानरों - जिनमें मनुष्य भी शामिल हैं - और उनके करीबी विलुप्त रिश्तेदारों की पूंछ नहीं होती है। उनका कोक्सीक्स या टेलबोन कशेरुकाओं का एक अवशेष है, जो अन्य जानवरों में अभी भी पूंछ का निर्माण करता है। इस विशेषता या बदलाव का आनुवंशिक आधार डॉक्टर जिया और उनकी टीम ने ढूंढ़ लिया है। अब डॉक्टर जिया कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में एमआईटी और हार्वर्ड के ब्रॉड इंस्टीट्यूट में शोधरत हैं। यह स्पष्ट है कि जीन के प्रभाव में ही इंसानों की पूंछ गायब हुई है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए जीनोम ब्राउजर से पता चला है कि मनुष्य और अन्य वानरों में टीबीएक्सटी डीएनए सम्मिलन होता है, जो बंदरों जैसी पूंछ वाले अन्य जीवों के पास नहीं होता है।टीबीएक्सटी के माउस संस्करण की प्रतिलिपि वाले जीन-संपादित चूहों में पूंछ दोषों की एक श्रृंखला थी। शोध या परीक्षण के दौरान कुछ चूहों की पूंछ छोटी हो गई थी या पूरी तरह गायब हो गई थी या कुछ दूसरे प्रकार के भी प्रभाव हुए थे। जब टीबीएक्सटी के चूहा या माउस संस्करण में वानर आनुवंशिक को मिलाया जाए, तो पूंछ का नुकसान हो सकता है। यह भी एक रोचक खोज है कि पूंछ के विकास के लिए करीब 140 जीन जिम्मेदार हो सकते हैं। मतलब, मानव का विकास ही ऐसे हो रहा था कि पूंछ का अंत होना ही था। शोधकर्ताओं ने पता किया है कि बीती सदियों में वानरों या मनुष्यों में हजारों आनुवंशिक परिवर्तन हुए हैं और अभी भी हो रहे हैं। आनुवंशिक तंत्र की वजह से ही पूंछ इंसानों के शरीर से विदा हो चुकी है, लेकिन इंसान अपनी पूंछ को भूल नहीं पा रहा है। जब पूंछ विदा हुई होगी, तो इंसानों को सीधे चलने में सुविधा हुई होगी और उनका पेड़ों पर चढ़ना कम हुआ होगा। बहरहाल, जीवाश्मों से भी पता चलता है कि प्रारंभिक वानर पेड़ों पर रहने वाले बंदरों की तरह चार पैरों पर चलते थे और लाखों साल बाद दो पैरों पर चलने की क्षमता विकसित हुई। वैसे, वानर ही ऐसे एकमात्र प्राइमेट नहीं हैं, जिनके पास पूंछ नहीं है - मैंड्रिल, कुछ मकाउ और बड़ी आंखों वाले लोरिस की भी पूंछ नहीं होती है, जिससे पता चलता है कि पूंछ न होने का गुण अनेक जीवों में विकसित हुआ है।

**समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव बहुजन समाज पार्टी और उसकी सुप्रीमों मायावती के खिलाफ लगातार 'जहर' उगल रहे थे, जिसे बहनजी चुपचाप इकठा करती जा रही थीं, शायद वह सही समय का इंतजार कर रही होंगी। आज भले ही बसपा का जनाधार काफी घट गया है लेकिन इसका यह मतलब कतई नहीं है कि बसपा समाप्त पार्टी बन गई है। मायावती की राजनैतिक सूझबूझ की आज भी कोई बराबरी नहीं है, जिन मायवती का पूर्व सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव से वर्षो तक 36 का आकड़ा रहा, कई बार मुलायम को मायावती ने सियासी मैदान पर धूल चटाई थी,उन मायावती को अखिलेश कभी हल्के में नहीं लेते यदि समाजवादी पार्टी का पुराना इतिहास वह पढ़ लेते। इंडी गठबंधन में बसपा को नहीं शामिल करने के लिये जमीन-आसमान एक किये हुए अखिलेश यादव को मायावती ने उन्हीं की पिच पर पटकनी देने का मन बना लिया है।**

# अखिलेश यादव का 'एमवाई' खेल खराब करेगा मायावती का 'डीएम'

(संजय सक्सेना)

पश्चिमी यूपी की मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर पार्टी ने इसी रणनीति के तहत प्रत्याशियों की घोषणा करनी शुरू कर दी है। अब तक घोषित किए गए उसके सात प्रत्याशियों में से पांच मुस्लिम हैं। हैरानी की बात यह है कि बसपा अपने किसी भी मौजूदा सांसद को टिकट देने के मूड में नहीं दिख रही है।

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव बहुजन समाज पार्टी और उसकी सुप्रीमों मायावती के खिलाफ लगातार 'जहर' उगल रहे थे, जिसे बहनजी चुपचाप इकठा करती जा रही थीं, शायद वह सही समय का इंतजार कर रही होंगी। आज भले ही बसपा का जनाधार काफी घट गया है लेकिन इसका यह मतलब कतई नहीं है कि बसपा समाप्त पार्टी बन गई है। मायावती की राजनैतिक सूझबूझ की आज भी कोई बराबरी नहीं है, जिन मायवती का पूर्व सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव से वर्षो तक 36 का आकड़ा रहा, कई बार मुलायम को मायावती ने सियासी मैदान पर धूल चटाई थी,उन मायावती को अखिलेश कभी हल्के में नहीं लेते यदि समाजवादी पार्टी का पुराना इतिहास वह पढ़ लेते। इंडी गठबंधन में बसपा को नहीं शामिल करने के लिये जमीन-आसमान एक किये हुए अखिलेश यादव को मायावती ने उन्हीं की पिच पर पटकनी देने का मन बना लिया है। यह पिच मुस्लिम वोट बैंक की है जिस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव को काफी नाज है,लेकिन बसपा ने लोकसभा चुनाव के लिये सात में से पांच सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर समाजवादी पार्टी के एमवाई (मुस्लिम-यादव) वोट बैंक में सेंधमारी की तैयारी कर ली है। बता दें आज भले ही सपा-बसपा में भारी अदावत नजर आ रही हो लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव दोनों मिलकर लड़े थे। 2019 में संसद पहुंचने वाले उसके 10 सांसदों में तीन मुस्लिम थे। इस बार बसपा की रणनीति सपा-कांग्रेस गठबंधन को नुकसान पहुंचाने के संकेत दे रही है। बसपा सुप्रीमों की एक चाल ने 'सौ सुनार की, एक लुहार की' वाली कहावत चरितार्थ कर दी है।



दरअसल, पश्चिमी यूपी की मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर पार्टी ने इसी रणनीति के तहत प्रत्याशियों की घोषणा करनी शुरू कर दी है। अब तक घोषित किए गए उसके सात प्रत्याशियों में से पांच मुस्लिम हैं। हैरानी की बात यह है कि बसपा अपने किसी भी मौजूदा सांसद को टिकट देने के मूड में नहीं दिख रही है। फिलहाल पार्टी के साथ अपनी आस्था जताने वाले बिजनौर से सांसद मलूक नागर की जगह विजेंद्र सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है। उनका मुकाबला रालोद के चंदन चौहान से होगा। यानी यहां जाट और गुर्जर मैदान में हैं, कांग्रेस-सपा का प्रत्याशी घोषित होना बाकी है। उधर,कांग्रेस के खेमे में जा रहे अमरोहा के सांसद दानिश अली की जगह डॉ. मुजाहिद हुसैन को प्रत्याशी बनाया गया है। सहारनपुर के बसपा सांसद हाजी फजलुर्रहमान को कांग्रेस टिकट दे सकती है, लिहाजा बसपा ने माजिद अली को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। वहीं, पश्चिमी यूपी की मुजफ्फरनगर सीट पर दारा सिंह प्रजापति को बसपा ने प्रत्याशी घोषित किया है। इसी तरह मुरादाबाद में इरफान सैफी को, तो पीलीभीत में अनीस अहमद खां को प्रत्याशी घोषित किया गया है। कन्नौज सीट पर अकील अहमद पट्टा को प्रत्याशी बनाया गया है। इस सीट पर भाजपा के सुब्रत पाठक मैदान में हैं, जबकि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भी यहां से चुनाव लड़ने की चर्चा है, जो उनके लिये खतरे की घंटी से कम नहीं है।

इतना ही नहीं बसपा एनडीए में भी सेंधमारी कर रही है,जिससे लोकदल को बड़ा झटका लगा है। दरअसल रालोद के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह ने अचानक से पार्टी को लोकसभा चुनाव 2024 से पहले छोड़ कर सबको हैरान कर दिया है। इससे पहले वह लोकदल के प्रसार में जुटे हुए थे। उन्होंने लोकदल को छोड़कर बसपा को ज्वाइन कर लिया है। उन्होंने मंगलवार को बीएसपी में शामिल होने की घोषणा बिजनौर के कार्यकर्ता सम्मेलन में की। इस कार्यकर्ता सम्मलेन में बीएसपी के पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड प्रभारी शमशुद्दीन राइन ने चौधरी विजेंद्र सिंह के बीएसपी की सदस्यता लेने की घोषणा की। मायावती ने चौधरी विजेंद्र सिंह को बिजनौर लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा की है। उन्होंने आगे कहा कि बहन जी सबसे पहले बिजनौर सीट से जीत दर्ज करके संसद पहुंची थी। चौधरी विजेंद्र सिंह ने अपने अस्पतालों व शिक्षण संस्थानों के माध्यम से जनता की सेवा की है। जिसको देखते हुए बहन मायावती ने उन्हें बिजनौर लोकसभा प्रत्याशी बनाने का फैसला लिया है। एक दो दिन में बीएसपी चौधरी विजेंद्र सिंह को बिजनौर सीट से लोकसभा सीट का टिकट देने की घोषणा कर सकती है। बिजनौर के जिलाध्यक्ष दलीप कुमार ने यह जानकारी दी थी कि एक दो दिन में पार्टी प्रमुख बहन मायावती उन्हें लोकसभा टिकट दे देंगी। वहीं चौधरी विजेंद्र सिंह ने कहा कि किसान, मजदूर, गरीब सभी पिछड़ी जातियों समेत शोषित और वंचितों को उनका हक दिलाने का कार्य करेंगे।

चौधरी के बसपा की सदस्यता ग्रहण करने से पहले यहां बीजेपी-आएलडी गठबंधन की जीत पक्की समझी जा रही थी। दोनों ने गठबंधन के तहत रालोद विधायक चंदन चौहान को बिजनौर सीट से प्रत्याशी घोषित किया गया था। चौधरी विजेंद्र सिंह की नजर भी जाट वोटों को साधने की थी, जो कि लोकदल को जीत दिलाने के मकसद से कार्य कर रहे थे। लेकिन भाजपा के साथ गठबंधन के बाद इस सीट का समीकरण बदल जाने के कारण चौधरी विजेंद्र सिंह ने अपनी राह बदल ली और बीएसपी को ज्वाइन कर लिया। अब जब बीएसपी ने चौधरी विजेंद्र सिंह को बिजनौर सीट से प्रत्याशी बना दिया है तो वहां भाजपा-आरएलडी गठबंधन और बीएसपी के बीच चुनावी घमासान होने की संभावना है।

कुल मिलाकर मायावती के मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट देने से बसपा को भले ही कोई फायदा न हो लेकिन इससे सपा को जरूर नुकसान हो सकता है। आजमगढ़ लोकसभा सीट के बीते उपचुनाव को देखें तो सपा के प्रत्याशी रहे धर्मेन्द्र यादव को केवल इसीलिए हार का सामना करना पड़ा था क्योंकि उनके सामने बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी गुड्डू जमाली को टिकट मिल गया था। इस उपचुनाव में बीजेपी के प्रत्याशी की जीत हुई थी।अब जरूर जमाली सपा में हैं और पार्टी ने उन्हें विधान परिषद सदस्य के लिये चुन लिया है।

बता दें कई चुनावों में ये देखने को मिलता रहा है कि बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी उतारने से सपा का एम-वाई फार्मूला कहीं हद तक असफल हो जाता है। बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी सपा की जीत के लिए एक बड़ा रोड़ा बन जाते है। मायावती अपनी रणनीति के अनुसार मुस्लिमों पर फोकस करती रही हैं।

# ताकि आपका मूड बदस्तूर बेमिसाल बना रहे

(सुंदर चंद ठाकुर)

अगर आपसे यह पूछा जाए कि आप सुबह उठने से लेकर रात सोने तक जो कुछ भी करते हैं, उस सबके पीछे आपका मकसद क्या रहता है। आप सहज ही कहेंगे कि हम अपनी खुशी के लिए करते हैं। हम अगर खुद को तकलीफ भी देते हैं, तो वह खुशी के लिए ही होता है। कोई जिम में जाकर अगर भारी भरकम वजन उठाने की पीड़ा सहता है, तो वह भी अपनी खुशी के लिए ही करता है। कोई छात्र पूरी एकाग्रता के साथ घंटों तक पढ़ाई करने का कष्टसाध्य काम करता है, तो वह भी अपनी खुशी के लिए ही करता है। हम अगर नौकरी के लिए खून-पसीना एक करते हैं, तो यह भी खुशी के लिए ही करते हैं। पर क्या आप जानते हैं हम किन वजहों से खुश होते हैं? जब तब आपके दिमाग में और आपके गट में खुशी के होर्मोंस रिलीज नहीं होते, आप खुश नहीं हो सकते। इसलिए अगर आपका मकसद खुश होना है, तो आप इन चार होर्मोंस को ठीक से समझ लें कि ये क्या काम करने से रिलीज होते हैं और फिर सुनिश्चित करें कि आप वे सभी कार्य नियमित करते रहें।

सबसे पहला होर्मोन है डोपामीन। इसे फील गुड और रिवॉर्ड होर्मोन भी कहते हैं। जब भी आप अपने लिए कोई लक्ष्य निर्धारित करते हैं, तो उसे हासिल करने पर इनाम के तौर पर आपको यही होर्मोन मिलता है। आप जब भी आनंद देने वाले काम करते हैं, जैसे पसंदीदा भोजन करना या एक्सरसाइज करते हैं, शॉपिंग करने जाते हैं, संगीत सुनते हैं, तो इन कामों को करते हुए भी दिमाग डोपामीन रिलीज करता है और आपको खुशी जैसी महसूस होती है। आप जो बार-बार मोबाइल देखते हो और किसी पसंद के व्यक्ति का कमेंट पढ़ते हो, लाइक देखते हो, तो भी आपका माइंड डोपामीन रिलीज करता है और आपको अच्छा लगता है।

**सबसे पहला होर्मोन है डोपामीन। इसे फील गुड और रिवॉर्ड होर्मोन भी कहते हैं। जब भी आप अपने लिए कोई लक्ष्य निर्धारित करते हैं, तो उसे हासिल करने पर इनाम के तौर पर आपको यही होर्मोन मिलता है। आप जब भी आनंद देने वाले काम करते हैं, जैसे पसंदीदा भोजन करना या एक्सरसाइज करते हैं, शॉपिंग करने जाते हैं, संगीत सुनते हैं, तो इन कामों को करते हुए भी दिमाग डोपामीन रिलीज करता है और आपको खुशी जैसी महसूस होती है।**

बार-बार आपको अच्छा लगे इसलिए आप बार-बार मोबाइल देखते हो।

दूसरा होर्मोन है सिरोटोनिन, जिसे मूड रेग्युलेट करने वाला होर्मोन भी कहते हैं। ये होमोन लेकिन दिमाग में नहीं हमारी गट यानी आंत में रिलीज होता है। यह हमारे मूड को सही करता है, हमें भविष्य को लेकर उम्मीदों से भरता है और हमारी नींद को भी बेहतर बनाता है। अगर शरीर में सिरोटोनिन कम हो जाए तो हम एंजाइटी और डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। हेल्दी और संतुलिन भोजन लेने, प्रकृति के बीच लंबे वॉक पर जाने, धूप लेने और ध्यान में बैठने से सिरोटोनिन रिलीज होता है।

तीसरा खुशी का होर्मोन ऑक्सीटोसिन है जिसे प्रेम का होर्मोन भी कहते हैं क्योंकि यह हमें सुरक्षा और सामीप्य की फीलिंग देता है और भरोसे को बढ़ाता है। अगर आप अपने जीवन में खुशी के इस होर्मोन को चाहते हैं तो आपको जीवन में प्रेम को जगह देनी होगी, दोस्तों से अपनत्व को बढ़ाना होगा, करीबियों के गले लगना-लगाना होगा, अपने प्रियजनों का हाथ पकड़ना होगा। आप अपने पालतू जानवरों को जितना प्रेम करेंगे, उतना ऑक्सीटोसिन आपको मिलेगा। जीवन में लंबे समय के लिए खुशी चाहिए, तो आपके लिए यह काम ऑक्सीटोसिन ही करेगा।

खुशी के लिए चौथा जरूरी होर्मोन एडोर्फिंस हैं। इसका काम आपके दर्द को कम करना होता है। एक तरह ये शरीर द्वारा प्राकृतिक तरह से पैदा किए जाने वाला पेनकिलर है। दर्द कम करने के अलावा ये स्ट्रेस को भी कम करते हैं और अच्छा होने की फीलिंग को बढ़ाते भी हैं। अगर आप एक्सरसाइज करते हैं, हंसते हैं, संगीत सुनते हैं और डार्क चॉकलेट खाते हैं, तो ऐसा करके आप अपने शरीर में एंडोर्फिंस को ही बढ़ाते हैं।

अगर आप चारों होर्मोंस को किसी एक एक्टिविटी दकी मदद से रिलीज करना चाहते हैं, तो वह है शारीरिक व्यायाम। ऐसा व्यायाम जिससे आपको शरीर को हिलाना पड़े, पसीना निकले। अगर आप यह सुनिश्चित कर सकें कि रोज सुबह उठने के बाद आप एक-डेढ़ घंटे योग, रनिंग, जिम वर्कआउट आदि जैसे काम करें और शरीर का पसीना निकालें, तो इस तरह आप अपने दिमाग और आंत में खुशी के इन होर्मोंस को रिलीज करवाएंगे और जब खुशी-खुशी आप अपने काम करेंगे, तो काम पर ज्यादा सहजता से फोकस कर पाएंगे जिसके परिणामस्वरूप आपको अच्छे रीजल्ट मिलेंगे और इस तरह एक सकारात्मक घटनाओं का चक्र आपके कदमों के आगे खुलता हुआ आपको एक हेल्दी और हैपी जिंदगी की ओर ले जाएगा। आपका मूड भी बदस्तूर बेमिसाल बना रहेगा। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5335

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | # | # |
| 6 | | | # | 7 | | | 8 |
| 9 | | # | 10 | | | # | |
| # | 11 | | | | # | 12 | # |
| 13 | # | # | | # | 14 | | |
| 15 | | | | # | 16 | | # |
| | # | # | 17 | | | # | 18 |
| 19 | | | | # | # | 20 | |

संकेतः बाएं से दाएं

1. त्रिशला के बेटे होने के कारण भगवान महावीर का एक नाम (6)
6. कारण, मंगलोत्सव, धर्म-कर्म (3)
7. एक जैसी शक्ल वाले, एकरूप (4)
9. रदपट, अधर, ओंठ, ओष्ठ (2)
10. खरगोश को यह भी कहते है (3)
11. लुंगी को यह भी कहते है (4)
14. नदी, सरिता, निर्झरणी, कूलिनी (3)
15. अभिनेत्री जयाप्रदया की पहली फिल्म, शास्त्रीय संगीत में सप्तक (4)
16. पुरूष, मर्द, वह खूंटी छाया जानने के लिए खड़े बल गाड़ी जाती है (2)
17. इस देश में येन मुद्रा का प्रचलन है (3)
19. मुखिया, दलनायक, सिख धर्मावलंबी (4)
20. दृढ प्रतिज्ञा, गौरव, इस फिल्म के कुछ दृश्यों की शूटिंग इंदौर में भी हुई थी, नायक थे दिलीप कुमार (2)

ऊपर से नीचे

1. तीनों कालभूत, भविष्य और वर्तमान (3)
2. पानी या अन्य रसीले पेय को शक्कर मे घोलकर बनाया गया पदार्थ (4)
3. शर्म, हया, लज्जा (2)
4. आतंक, भय, दबदबा, भयातंक (4)
5. जलरस, नोन, लवण (3)
8. मुंशी, नायाब, लिपिक (2)
10. कब्र पर जलाया जाने वाला चिराग (6)
12. बारह युगों में से तीसरा युग पुराणानुसार यह 864000 वर्ष का माना गया है (3)
13. मुहम्मद रफी ने अंतिम गीत इस फिल्म के लिए गया था (1980), निकट में, पड़ोस में, दक्षिण वाम पार्श्व में (4)
14. मुख मंडल, मुख विवर, सिरयुक्त (3)
18. यह नदी भारत के मध्यप्रदेश राज्य से निकलकर उत्तरप्रदेश , झारखंड की पहाड़ियों से गुजरती हुई पटना के समीप जाकर गंगा नदी में मिल जाती है (2)

### वर्ग पहेली 5334 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ज | रा | त | # | सि | क्कि | म |
| ल | ल | का | र | # | प | # | घा |
| जा | # | # | फ | जी | ह | त | # |
| री | ति | # | दा | # | सा | ह | स |
| ला | # | बा | र | # | ला | # | च |
| ल | क | ब | # | धा | र | # | # |
| नं | ब | र | # | र | # | # | ग्री |
| दा | रा | # | गु | णा | # | पा | स |

# लक्षद्वीप पर कभी रहते थे हिंदू और बौद्ध, कैसे बढ़ी यहां इस्लाम मानने

लक्षद्वीप और मालदीव को लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी हुई है। पीएम नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप जाने और वहां की खूबसूरत फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करने के बाद मालदीव के कुछ नेताओं को मिर्ची लग गई। उन्होंने भारत के खिलाफ कमेंटबाजी शुरू कर दी। विवाद के बाद ऐसेमाई ट्रिप ने बड़ा फैसला लेते हुए मालदीव की सारी टिकट कैंसिल कर दीं। वहीं मालदीव को अपने ही घर में वरिष्ठ नेताओं से फटकार भी मिली। फिलहाल सोशल मीडिया पर मालदीव और लक्षद्वीप दोनों ही सर्च किए जा रहे हैं। इस बीच लक्षद्वीप की खूबसूरती की हर तरफ चर्चा हो रही है। लोग लक्षद्वीप के बारे में सोशल मीडिया पर सर्च कर रहे हैं। कुल मिलाकर पीएम मोदी के लक्षद्वीप यात्रा ने इसे पूरे देश में चर्चा में ला दिया है। इस आर्टिकल में हम आपका बताएंगे कि कैसे यह द्वीप मुस्लिम बहुल बन गया।

सबसे अधिक मुस्लिम निवासी

असल में लक्षद्वीप केरल के तट से लगभग 400 किमी दूर स्थित है। इसे भारतीय पर्यटकों के लिए छिपे हुए खजाने के रूप में जाना जाता है। यह द्वीप अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए फेमस है। हालांकि यहां रहने वाले अधिकांश लोग मुस्लिम हैं। हालांकि लक्षद्वीप में इस्लाम की संस्कृति भारत के अन्य शहरों में रहने वाले मुस्लिमों के रहन-सहन से काफी अलग है। यहां मुस्लिमों के जिंदगी जीने का तरीका और खान-पान काफी अलग है। लक्षद्वीप पर रहने वाले मुस्लिम लोग मलयाली, अरब, तमिल और कन्नड़ की तरह रहते हैं। उनकी भाषा और सांस्कृति हिंदू लोगों से काफी मिलती-जुलती है।

लक्षद्वीप पर रहने वाले लोग पहले हिंदू थे?

हिंदुओं और बौद्धों की भूमि आखिर लक्षद्वीप मुस्लिम बहुल कैसे हो गई? दरअसल, यहां की 96 प्रतिशत से अधिक आबादी इस्लाम धर्म को मानती है। हालांकि, लक्षद्वीप पहले मुस्लिम बहुल नहीं था। यहां हिंदू और बौद्ध धर्म के अनुयायी रहते थे। इस्लाम पर रिसर्च करने वाले विशेषज्ञ एंड्रयू डब्ल्यू फोर्ब्स ने कहा है कि लक्षद्वीप पर पहले बसने वाले मालाबारी नाविक थे। द्वीप पर रहने वाले लोगों को देखकर यही लगता है। हालांकि इसे प्रमाणित करना थोड़ा कठिन है। फोर्ब्स ने लिखा है कि इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि सातवीं शताब्दी ईस्वी के दौरान इमिग्रेशन (अप्रवास) की लहर चली थी। हालंकि यह बताना मुश्किल है कि यह कब शुरू हुआ था मगर ये आप्रवासी बड़े पैमाने पर मालाबारी हिंदू थे।

उन्होंने आगे लिखा कि जाति के अलावा, द्वीप में पूर्व-इस्लामिक हिंदू समाज के अस्तित्व के कई प्रमाण है। यहां जमीन से मूर्तियों मिली हैं। वहीं राम की भक्ति में कई पारंपरिक गीत के प्रमाण हैं। इसके अलावा यहां सांप की पूजा की जाती है। ये सभी इस्लामिक हिंदू समाज के प्रमाण हैं।

# आज का राशिफल

## मेष

आज आपके सम्?मान में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको किस्?मत का साथ मिलेगा। आपको हर मामले में जीवन साथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। आपके परिवार के लोग हर प्रकार से आपकी मदद करेंगे। शाम के समय कोई रुका काम पूरा होने से आपके सम्?मान में वृद्धि होगी।

## वृषभ

आज का दिन सुख शांति से भरा होगा। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन और सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों से लाभ होगा। आपकी पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और सम्?मान बढ़ेगा। कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से आपका मूड खराब हो सकता है।

## मिथुन

आज आपको भाग्?य का साथ मिलेगा। आपकी कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है और आपको नुकसान हो सकता है। संतान की शिक्षा और प्रतियोगिता में आपको आशातीत सफलता प्राप्?त होगी और कार्यक्षेत्र में आपको भाग्?य का साथ मिलेगा।

## कर्क

आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी और आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। आपको कहीं जरूरी यात्रा पर जाने का सौभाग्?य प्राप्?त होगा।

## सिंह

आज आपको सम्?मान की प्राप्ति होगी। आपको आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता से आपको लाभ होगा और सम्?मान मिलेगा। आपको शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी और लाभ होगा। आपको किसी कारण से थकान अधिक लगेगी।

## कन्या

आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। रोजगार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद में सफलता प्राप्?त होगी और मुकदमे या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

## तुला

आज आपके चारों ओर सुखद माहौल रहेगा। परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का अंत होगा और किस्?मत आपका साथ देगी। पास और दूर की यात्रा पर जाने के योग हैं।

## वृश्चिक

आर्थिक मामलों में लाभ होगा और हर कार्य में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। आपको कर्मचारियों से हर प्रकार हा सहयोग और सम्?मान मिलेगा। शाम के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात को आज आपके यहां अतिथियों का आगमन हो सकता है।

## धनु

आज लाभ का दिन है। आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे और आपको सरकारी मामलों में हर प्रकार का सहयोग प्राप्?त होगा। गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। आज शाम को सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

## मकर

आज का दिन सामान्य है। साझे में किए काम में आपको व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े और उनके करियर में कोई ऐसा मोड़ आए कि आपको उनकी मदद करना जरूरी हो।

## कुंभ

आज सम्?मान में वृद्धि होगी। आपकी सेहत से जुड़ी समस्या हो सकती है। निर्मूल विवाद और अकारण शत्रुपत्ति से आपका तनाव बढ़ सकता है। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में हानि और निराशा हो सकती है। सावधान रहें और किसी की बातों पर भरोसा न करें। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

## मीन

आज दिन सम्?मान से भरा होगा। किसी कारण से आपको तनाव हो सकता है। कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त होगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें, आपके संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर आपका खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेठी में बड़े अंतर से जीतूंगा मैं, रॉबर्ट वाड्रा ने फिर दे दिए चुनाव लड़ने के संकेत



**अमेठी, एजेंसी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट ने एक बार फिर लोकसभा चुनाव लड़ने के संकेत दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि अमेठी की जनता बड़े अंतर से उनकी जीत सुनिश्चित करेगी। खास बात है कि इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने फिर स्मृति ईरानी को मैदान में उतारा है। जबकि, कांग्रेस ने गांधी परिवार का गढ़ माने जाने वाली उत्तर प्रदेश की सीट पर प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि पार्टी अगले सप्ताह रायबरेली और अमेठी को लेकर बैठक कर सकती है। एक समाचार एजेंसीसे बातचीत में वाड्रा ने कहा कि उन्हें देशभर से कार्यकर्ताओं के फोन आ रहे हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ अमेठी ही नहीं, मुझे देशभर से पार्टी कार्यकर्ताओं के सक्रिय राजनीति में आने के लिए फोन आ रहे हैं। हां, मैं यह मानता हूं कि अमेठी थोड़ी ज्यादा जरूरी है, क्योंकी यहां मैं साल 1990 से प्रचार करता रहा हूं। उन्होंने कहा, हालांकि, मेरे पोस्टर अन्य जगहों पर भी नजर आने लगे हैं, क्योंकि लोगों को एहसास हो गया और वे अब तक हमारी तरफ से की गई मेहनत की सराहना कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने अमेठी सीट से राहुल गांधी की उम्मीदवारी का भी समर्थन करने की बात कही है। एजेंसी से बातचीत में वाड्रा ने कहा, अगर राहुल को लगता है कि उन्हें वायनाड के बाद अमेठी से भी लड़ना चाहिए, तो मैं उनके प्रचार के दौरान उनका पूरा समर्थन करूंगा। साथ ही मुझे लोगों से बात करने के लिए सक्रिय राजनीति में आने की जरूरत नहीं है। वे जानते हैं कि अगर राहुल और प्रियंका मौजूद नहीं हैं, तो वे कभी भी मुझसे मिल सकते हैं।

### गुलाम नबी आजाद अनंतनाग से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे या नहीं सस्पेंस बरकरार?

**अनंतनाग, एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर गुलाम नबी आजाद ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वह इलेक्शन लड़ेंगे या नहीं, यह अभी तक फाइनल नहीं हुआ है। मालूम हो कि कांग्रेस छोड़ने के बाद गुलाम नबी आजाद ने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) का गठन किया था। चुनाव को लेकर उनका यह बयान ऐसे समय सामने आया है जब डीपीएपी उनके नाम की घोषणा पहले ही कर चुकी है। मगर, आजाद ने अब कुछ अलग ही इशारे किए हैं। उन्होंने एनडीटीवी से बातचीत में कहा, मैंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि चुनाव लड़ूंगा या नहीं। मेरी पार्टी ने इसकी घोषणा कर दी है लेकिन मैंने अंतिम फैसला नहीं लिया है। गुलाम नबी आजाद को लेकर कहा जा रहा था कि वह अनंतनाग से चुनाव लड़ सकते हैं। इस तरह, 2022 में कांग्रेस छोड़ने के बाद जम्मू-कश्मीर में उनकी लोकप्रियता की पहली परीक्षा इलेक्शन में होनी है। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती उम्मीदवार हैं। उन्होंने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार उन्हें संसद से बाहर रखना चाहती है। पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती अनंतनाग के बिजबेहरा में स्थित अपने पिता और पार्टी के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद की कब्र पर पहुंचीं। यहां उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जब जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा 2019 में खत्म किए जाने के बाद पीडीपी केंद्र के लिए सबसे बड़ा टारगेट रही है। यह पूछे जाने पर कि अनंतनाग-राजौरी सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद भी चुनाव लड़ रहे हैं, मुकाबला कैसा होगा? महबूबा मुफ्ती ने कहा, लोकतंत्र में कोई भी किसी से मुकाबला कर सकता है। आप किसी को नहीं रोक सकते। वहीं, डीपीएपी अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल उनकी पार्टी को गाली देती है, लेकिन वास्तविक मुद्दों पर बात नहीं करती है।

### अतीक के परिवार पर बड़ी चोट की तैयारी, ईद के बाद करोड़ों के आलीशान घर पर चलेगा बुलडोजर

**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज में वक्फ बोर्ड की 70 करोड़ की प्रॉपर्टी हड़पने में माफिया अशरफ ने अपने ससुरालवालों की मदद से सारा खेल किया था। उसकी मौत के बाद पत्नी जैनब और साले जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वक्फ बोर्ड के पूर्व मुतवल्ली की मदद से करोड़ों की इमारत खड़ी करने वालों पर अब पुलिस कार्रवाई करेगी। इमारत को गिराने के लिए पुलिस ने पीडीए के साथ तैयारी कर ली है। पीडीए सल्लाहपुर स्थित वक्फ बोर्ड की जमीन हड़प कर बने मकान और दुकानों को जल्द ही जमींदोज करने वाली है। सल्लाहपुर में स्थित सुन्नी वक्फ बोर्ड की 50 करोड़ की प्रॉपर्टी हड़पने के मामले में केयर टेकर माबूद ने पूर्व मुतवल्ली मो. असियम, उसकी पत्नी जिन्नत, अशरफ की पत्नी जैनब, उसका साला सद्दाम व जैद, सिवली प्रधान और तारिक के खिलाफ पूरामुफ्ती थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। सद्दाम जेल में बंद और बाकी आरोपी फरार हैं। इस केस की जांच में पता चला कि इसी गैंग ने शाहगंज से लेकर कौशाम्बी बॉर्डर तक वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी हड़पी है। कई जगहों पर बोर्ड की प्रॉपर्टी को लीज पर रेलवे के ठेकेदारों को दे दिया और सालाना किराया वसूल रहे हैं।

# बदरीनाथ-केदारनाथ, गंगोत्री चारधाम यात्रा के लिए आज से शुरू होगा ऑनलाइन पंजीकरण

**देहरादून, एजेंसी।** चारधाम यात्रा के लिए 10 अप्रैल से पंजीकरण शुरू हो जाएगा। पर्यटन विभाग गंगोत्री मंदिर के कपाट खुलने का समय तय होते ही यह ऐलान करेगा। श्री बदरीनाथ धाम और श्री केदारनाथ के कपाट खुलने की तारीख और समय पहले ही तय हो चुका है। श्री गंगोत्री और श्री यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के दिन खोले जाते हैं। मंगलवार को नौ अप्रैल को ये भी तय हो जाएगा कि गंगोत्री धाम के कपाट खुलने का समय क्या होगा। इसके लिए श्री पांच मंदिर समिति गंगोत्री की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर गंगोत्री मंदिर को छोड़ कर शेष श्री बदरीनाथ, श्री केदारनाथ, श्री यमुनोत्री और श्री हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने की तारीखों का ब्योरा दिया गया है। गंगोत्री धाम को लेकर तय तारीख नहीं दिखाई जा रही है। इसका ऐलान विधिवत मंगलवार को किया जाएगा। पर्यटन विभाग में अनौपचारिक रूप से तय कर लिया गया है कि 10 अप्रैल से सभी धामों में दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं का पंजीकरण शुरू कर दिया जाएगा।



**समय पर हों बिजली-पानी के इंतजाम :** चारधाम यात्रा की तैयारियों को समय पर पूरा किए जाने के निर्देश महकमों को दे दिए गए हैं। सचिव मुख्यमंत्री आर मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि संबन्धित विभागों को यात्रा शुरू होने से पहले ही सभी इंतजाम करने के लिए कह दिया गया है। ऊर्जा निगम को चारों धामों में विद्युत आपूर्ति को मजबूत करने को कहा गया है। विद्युत आपूर्ति के साथ ही स्ट्रीट लाइट का भी पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। पेयजल विभाग पूरे चारधाम यात्रा रूट पर स्टैंड पोस्ट, वॉटर मीटर, पेयजल सप्लाई नेटवर्क को पूरी तरह तैयार करेगा। इसके लिए सभी मंजूरियों को तय समय पर लेकर जल्द से जल्द काम फाइनल किया जाना होगा। सड़कों की स्थिति को लेकर लोनिवि की ओर से समय रहते सभी इंतजाम किए जाएंगे। प्रमुख मार्ग से हटाई गई बर्फ केदारनाथ धाम में बर्फ हटाने का काम जारी है। अभी तक प्रमुख मार्ग, मंदिर परिसर और हेलीपैड मार्ग से बर्फ हटा दी गई है। हालांकि हेलीपैड पर अभी डेढ़ फीट बर्फ से ढके हुए हैं। डीडीएमए लोनिवि के अधिशासी अभियंता विनय झिंक्रान ने बताया की कुछ दिन में हेलीपैड की बर्फ भी हटाने का काम शुरू होगा। अभी प्रमुख रास्तों को साफ किया गया है, ताकि यहां आवाजाही की जा सके।

**केदारनाथ-बदरीनाथ चार धाम के कपाट खुलने की यह है डेट :** केदारनाथ-बदरीनाथ समेत चारधाम के कपाट खुलने की तारीखों का ऐलान हो गया है। केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को सुबह 7 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। चमोली जिले में स्थित भगवान विष्णु को समर्पित बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को बह्ममुहूर्त का तीर्थ यात्रियों के लिए खुलेंगे। बदरीनाथ धाम के कपाट खोलने की तारीखों का ऐलान बसंत पंचमी के दिन हुआ था। जबकि, गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट अक्ष्य तृतीया के दिन खुलेंगे। चारों धामों के कपाट खोलने को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी जोरों पर चल रहीं हैं।

**रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों के आने की संभावना :** चारधाम यात्रा में इस बार रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों के आने की संभावना है। 2023 की यात्रा में 54.82 लाख श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर पहुंचे। 2022 में यही संख्या 46.29 लाख रही। 2021 में 52.93 लाख श्रद्धालुओं ने चार धाम के दर्शन किए। 2020 में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 33 लाख रही। 2019 में यही संख्या 34.77 लाख थी। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे का कहना है कि चारधाम यात्रा तैयारियों को लेकर विभाग के स्तर पर तैयारियां पूरी हैं। श्री गंगोत्री धाम के कपाट खुलने का समय तय होते ही यात्रा पंजीकरण की वेबसाइट खोलने का ऐलान कर दिया जाएगा। पंजीकरण से जुड़ी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।

## गरीबों को घर पर मिलेगी छूट, 24 घंटे में होगा ट्रेन टिकट रिफंड; नई सरकार के 100 दिनों का प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान का दौर शुरू होने में कुछ ही दिन बाकी हैं। 4 जून को देश को नई सरकार मिल जाएगी। खबरें हैं कि इससे पहले ही कई मंत्रालयों ने 100 दिनों के प्लान पर काम करना शुरू कर दिया है, जिसके निर्देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिए हैं। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि नई सरकार के शुरुआती 100 दिनों में ब्याज पर सब्सिडी, स्लीपर वंदे भारत समेत कई योजनाएं शामिल हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, उदाहरण के लिए भारतीय रेलवे ने टिकट कैंसल करने वाले यात्रियों के लिए 24 घंटे में रिफंड की योजना बनाई है। साथ ही एक सुपर ऐप लॉन्च करने की भी तैयारी है, जिसकी मदद से यात्री टिकट बुक करने और ट्रेन ट्रेक करने जैसी सेवाओं का फायदा ले सकेंगे। इधर, आवास मंत्रालय ने शहरी आजीविका मिशन का दूसरा चरण शुरू करने की योजना बनआई है। रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय शहरी गरीबों के लिए आवासीय लोन के लिए इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम शुरू करने की तैयारी कर रहा है। खबर है कि सभी मंत्रालयों और विभागों ने योजनाएं तैयार कर ली हैं और कैबिनेट सचिव इनकी समीक्षा कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि रेलवे ने नई सरकार के शुरुआती 100 दिनों में कई बड़े तोहफे देने का प्लान बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, रेलवे ने पीएम रेल यात्री बीमा योजना शुरू करने का लक्ष्य रखा है। यह रेल यात्रियों के लिए एक बीमा योजना होगी। साथ ही रेलवे करीब 41 हजार किमी के तीन इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए कैबिनेट की मंजूरी की भी कोशिश करेगा। इसमें 11 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज पंबन भी शुरू होगा। सुरक्षा के नजरिए से मंडपम और रामेश्वरम के बीच रेल सेवाएं दिसंबर 2022 में रद्द हो गई थीं। इस पुल को 1913 में तैयार किया गया था। इसके अलावा खबरें हैं कि रेलवे बुलेट ट्रेन के काम में तेजी और स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस पेश करने की भी तैयारी कर रहा है।



## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता, पकड़े गए 12 नक्सली; 3 पर है इतना इनाम

**बस्तर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। यहां नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन पर इनाम घोषित है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने सुकमा जिले से नौ और बीजापुर जिले में तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि सुकमा जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना के बाद सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। दल जब पालोड़ी गांव के जंगल में पहुंचा तो वहां घेराबंदी कर दो महिला नक्सली समेत नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों में से सुखराम उर्फ माड़वी आयता (35) पर आठ लाख, महिला नक्सली कलमु देवे (24) पर दो लाख तथा नक्सली सोड़ी आयता (30) पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में सुरक्षाबलों ने बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोरचोली गांव के जंगल में तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया।

# कर्नाटक में मोदी के मंत्री के खिलाफ लड़ेंगे लिंगायत संत, कई सीटों पर हो सकता है असर

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की राजनीति में लिंगायत समुदाय का वोट अहम रहा है। किसी भी चुनाव में इस समुदाय की भूमिका निर्णायक रही है और माना जाता है कि इनका समर्थन भाजपा को ही मिलता रहा है। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव में तस्वीर बदलती दिख रही है। मोदी सरकार के मंत्री प्रल्हाद जोशी के खिलाफ लिंगायत समुदाय के बड़े संत जगदुरु फकीरा दिंगलेश्वर महास्वामी ने चुनाव लड़ने का ऐलान किया। इसे भाजपा के लिए एक चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है और इसका असर कुछ लिंगायत बहुल सीटों पर पड़ सकता है। संत जगदुरु फकीरा दिंगलेश्वर महास्वामी ने धारवाड़ लोकसभा क्षेत्र से एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला किया। स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का विकल्प चुनने वाले महास्वामी ने कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र में पारंपरिक राजनीतिक दलों के प्रभुत्व को चुनौती देते हुए मतदाताओं को एक विकल्प प्रदान करना है। महास्वामी का यह फैसला राज्य की सियासत में अहम है। कांग्रेस एवं भाजपा की राजनीति से इतर एक वैकल्पिक मंच तैयार करने की कोशिश के तौर पर इसे देखा जा रहा है। उन्होंने चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए कहा, मैंने धारवाड़ लोकसभा क्षेत्र से एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला किया है। दोनों राष्ट्रीय पार्टियों ने चुनाव के लिए इस क्षेत्र से अपने उम्मीदवार उतारे हैं। उन्होंने पार्टी की टिकट वितरण नीतियों पर असंतोष व्यक्त करते हुए कर्नाटक में भाजपा की उपस्थिति को आकार देने में लिंगायत समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका की ओर इशारा भी किया। उन्होंने कहा,लिंगायत समुदाय ने कर्नाटक में भाजपा का निर्माण और विकास किया है। टिकट वितरण में भाजपा में कोई सामाजिक न्याय नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनावों में हमारे राज्य से नौ वीरशैव लिंगायत समुदाय के नेता संसद में पहुंचे, लेकिन उनमें से किसी को भी मंत्री पद नहीं दिया गया। कांग्रेस पार्टी में भी लिंगायत समुदाय को कोई मान्यता नहीं है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी की आलोचना करते हुए महास्वामी ने प्रमुख राजनीतिक हस्तियों की ओर से लिंगायत समुदाय की जरूरतों पर उपेक्षा या अपर्याप्त ध्यान देने के संबंध में चिंताओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा, केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी हमारे समुदाय को कुचल रहे हैं। धारवाड़ लोकसभा क्षेत्र में उनका योगदान अभी भी संदिग्ध है। बता दें कि धारवाड़ में तीसरे चरण में 7 मई को लोकसभा का चुनाव होना है। भाजपा के लिए यह स्थिति असहज करने वाली है क्योंकि प्रल्हाद जोशी धारवाड़ से 4 बार के सांसद हैं। लिंगायत समुदाय के संतों ने 27 मार्च को एक सम्मेलन किया था, जिसमें उन्होंने मांग की थी कि प्रल्हाद जोशी को इस बार टिकट न दिया जाए। इसके लिए 31 मार्च की डेडलाइन दी गई थी, लेकिन भाजपा ने जब इस पर फैसला नहीं लिया तो लिंगायत संत ने खुद चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है।



## गौरव भाटिया ने हाई कोर्ट से गुहार लगाई -यूट्यूब चैनल वाले उन वीडियोज के जरिए उनका मजाक उड़ा रहे हैं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक मानहानि की याचिका दायर कर गुहार लगाई है कि नोएडा कोर्ट में उनके साथ हुई कथित बदसलूकी से जुड़े वीडियोज को यूट्यूब चैनलों से हटाने का आदेश पारित किया जाय। सोमवार को सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने उस पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले की सुनवाई कर रहीं जस्टिस नीना बंसल कृष्णा अब 10 अप्रैल को फैसला सुनाएंगी। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया की तरफ से वरिष्ठ वकील संदीप सेठी और राघव अवस्थी ने मामले की पैरवी की। हालांकि, भाटिया ने भी खुद अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से अपनी दलीलें पेश कीं। इस दौरान भाटिया ने हाई कोर्ट से गुहार लगाई कि यूट्यूब चैनल वाले उन वीडियोज के जरिए उनका मजाक उड़ा रहे हैं। इससे उनकी प्रतिष्ठा का ठेस पहुंच रही है। गौरव भाटिया ने अपनी दलील में कहा कि इन वीडियो के पीछे एक गुप्त उद्देश्य है और उसका एकमात्र मकसद उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि हर पल जब भी वीडियो/ पोस्ट ऑनलाइन होता है,




तब उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया जा रहा होता है। भाटिया ने कोर्ट को बताया कि यूट्यूब के एक वीडियो में एक एंकर हंस रहे हैं। बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भाटिया ने अदालत से कहा, ÷वे लोग उस व्यक्ति का मजाक उड़ा रहे हैं, जिसने कड़ी मेहनत और ईमानदारी से अपना एक मुकाम बनाया है।÷ उन्होंने कहा कि वीडियो में उस राजनीतिक दल (भाजपा) का संदर्भ दिया जा रहा है, जिससे वह जुड़े हैं, जबकि उनकी राजनीतिक संबद्धता का इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है। इस बीच, यूट्यूब चैनलों और पत्रकारों की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि उन्होंने केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का प्रयोग किया है और ऐसा करना पत्रकारिता के काम में गलत नहीं है। बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि पत्रकारों को इस अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। हाई कोर्ट ने 5 अप्रैल को यूट्यूब चैनल आर्टिकल 19 इंडिया (पत्रकार नवीन कुमार द्वारा संचालित), द न्यूज लॉन्चर, बीबीआई न्यूज के साथ-साथ कॉमेडियन राजीव निगम को भी इस मामले में नोटिस जारी किया था। इनके अलावा एक्स (ट्विटर) हैंडलर संदीप सिंह, विजय यादव, नेटफ्लिक्स, सुनीता जाधव, अभिनेता पंकज त्रिपाठी के पैरोडी अकाउंट, दाऊद नदाफ, द्रखत्रा और वायरस बाबा इंडिया वाला को भी नोटिस जारी किया गया था। अपने मानहानि वाले मुकदमे में भाटिया ने कहा कि 20 मार्च, 2024 को गौतमबुद्ध नगर की जिला अदालत में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, जहां जज की मौजूदगी में एक वकील ने उनके वकील का बैंड छीन लिया था। उसी दिन, यूट्यूब चैनल आर्टिकल 19 ने एक वीडियो अपलोड किया, जिसका शीर्षक था।

## ग्रेटर नोएडा के चार मूर्ति चौक पर होगा मेट्रो और नमो भारत ट्रेन का मिलन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यात्रियों की सुविधा के लिए ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति गोल चक्कर पर गाजियाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक चलने वाली नमो भारत ट्रेन और एक्वा लाइन पर चलने वाली ग्रेटर नोएडा मेट्रो को जोड़ा जाएगा। यहां पर इंटीग्रेटेड स्टेशन का निर्माण होगा। इससे एक्वा लाइन के लिए चार मूर्ति गोल चक्कर से नॉलेज पार्क-5 तक प्रस्तावित 10 किलोमीटर का कॉरिडोर अलग से बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे परियोजना के कुल खर्च में करीब दो हजार करोड़ रुपये की बचत होगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने जेवर एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक नमो भारत और मेट्रो के 72.2 किलोमीटर के एलिवेटेड ट्रैक में इसका प्रावधान किया है। एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए गाजियाबाद वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट, परीचौक, यीडा सिटी के लिए रैपिडरेल परियोजना की डीपीआर तैयार हो चुकी है। इस रूट पर 22 स्टेशन बनाए जाएंगे और आबादी की जरूरत को देखते हुए 13 स्टेशन तक भविष्य में बढ़ाए जा सकेंगे। इसी कॉरिडोर पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति पर इंटीग्रेटेड स्टेशन का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। यहीं पर एक्वा लाइन मेट्रो फेज-2 का 10 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर भी मिलता, जो नॉलेज पार्क-5 तक प्रस्तावित है। अब एक्वा लाइन मेट्रो का विस्तार सिर्फ सेक्टर-51 से चार मूर्ति तक ही होगा। इससे आगे का 10 किलोमीटर लंबे ट्रैक अलग से



कॉरिडोर बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक्वा लाइन और रेपिड रेल के ट्रैक को चार मूर्ति चौक पर समायोजित किया जाएगा। बार-बार ट्रेन बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी ग्रेटर नोएडा वेस्ट का चार मूर्ति गोलचक्कर नमो भारत और एक्वा मेट्रो के यात्रियों को एक दूसरे के ट्रैक से कनेक्ट करने के लिए जंक्शन बनेगा। गोल चक्कर पर बनने वाला स्टेशन बड़ा होगा और यहां से यात्री नोएडा, दिल्ली, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, जेवर चारों तरफ आना-जाना कर सकेंगे। वहीं, एक्वा मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों को भी जेवर तक सीधी कनेक्टिविटी मिल सकेगी। उन्हें बार-बार ट्रेन बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे उनके समय और धन दोनों की बचत होगी।

## एकजुट होगा चौटाला परिवार, भाजपा से गठबंधन टूटने के बाद बदले सुर, अजय चौटाला बोले- पापाजी कहेंगे तो...

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में भाजपा के साथ साढ़े चार साल पुराना गठबंधन टूटने के बाद जननायक जनता पार्टी (जजपा) संकट में घिर गई है। अब उसके लिए अपना वजूद बचाना बड़ी चुनौती बन गई है। ऐसे में जजपा नेताओं के सुर बदलने लगे हैं। लिहाजा, हरियाणा के चौटाला परिवार के एक होने की बातें शुरू हो गई हैं। जजपा सुप्रीमो अजय चौटाला ने एक बयान में कहा है कि अगर ओम प्रकाश चौटाला (पिताजी) कहेंगे तो हम एक हो सकते हैं लेकिन पहल ओम प्रकाश चौटाला को ही करनी होगी, अगर वह कल ही बुला लें तो हम कल ही तैयार हैं। हालांकि इनैलो के राष्ट्रीय महासचिव और अजय सिंह चौटाला के भाई अभय सिंह चौटाला ने कई बार यह टीस जाहिर की है कि अगर हम एक होते और बिखराव नहीं होता तो प्रदेश में हमारी सत्ता होती।

**अकेले चलने की राह अब आसान नहीं :** इनेलो ने कुरुक्षेत्र और हिसार को छोड़कर अभी अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। वहीं, जजपा ने एक भी सीट पर अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच जंग छिड़ी नजर आती है। अब सवाल उठता है कि क्या यह परिवार एक हो सकता है। राजनीति में कुछ भी संभव है। किसी समय परिवार को एक करने के लिए बादल परिवार की तरफ से भी प्रयास हुए लेकिन बात नहीं बनी थी।



इनेलो और जजपा पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवी लाल की नीतियों को लेकर ही आगे बढ़ने का दावा करती आई है, जिस तरह दुष्यंत और दि?ग्विजय की अपने चाचा अभय चौटाला के साथ जुबानी जंग चलती आ रही है, तो क्या ऐसे हालात में यह परिवार एक हो सकता है। वैसे जिस तरह जजपा को जगह-जगह विरोध का सामना करना पड़ रहा है, उस हालात में अजय सिंह चौटाला समझ गए हैं कि अकेले चलने की राह अब आसान नहीं रहेगी। जजपा प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह ने जजपा छोड़ी इंडियन नेशनल लोकदल से बिखराव के बाद बनी जननायक जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले एक और बड़ा झटका लगा है। जजपा ने अभी लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा तक नहीं कीलेकिन जजपा प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह ने पार्टी को अलविदा कह दिया। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो अजय सिंह चौटाला को फोन करके मौखिक रूप से अपना इस्तीफा दे दिया। निशान सिंह के कांग्रेस में जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। दिसंबर 2018 में जजपा बनने के साथ ही उन्हें प्रदेशाध्यक्ष की कमान सौंपी गई थी। 2021 और 2023 में जजपा के पूरे संगठन में फेरबदल हुआ, लेकिन निशान सिंह को हर बार प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। जजपा के भी करीब पांच वर्षों तक प्रदेशाध्यक्ष बने रहे। पार्टी से अपने इस्तीफे की पुष्टि करते हुए उन्होंने बताया कि भविष्य को लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया है। हलके के लोगों और पुराने साथियों के साथ विचार-विमर्श करके जल्द ही राजनीतिक फैसला लिया जाएगा। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए हैं।



## पीटी उषा का बड़ा आरोप, कहा-

# कार्यकारी परिषद के सदस्य मुझे दरकिनार करने की कोशिश कर रहे

**नई दिल्ली , एजेंसी।** शुक्रवार को कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने यहां आईओए कार्यालय परिसर में एक हस्ताक्षरित नोटिस चिपकाया था जिसमें 'अनधिकृत व्यक्तियों' को संघ के मुख्यालय में प्रवेश नहीं करने के लिए कहा गया था। इस नोटिस को उषा ने 'मनमाना' बताया और यह उनके द्वारा नियुक्त दो अधिकारियों के लिए था। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि बागी कार्यकारी परिषद के सदस्य अवज्ञा करके उन्हें दरकिनार करने की कोशिश कर रहे हैं जिसमें उनके द्वारा नियुक्त एक अधिकारी को सेवा बर्खास्तगी पत्र जारी करना भी शामिल है। शुक्रवार को कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने यहां आईओए कार्यालय परिसर में एक हस्ताक्षरित नोटिस चिपकाया था जिसमें 'अनधिकृत व्यक्तियों' को संघ के मुख्यालय में प्रवेश नहीं करने के लिए कहा गया था।

इस नोटिस को उषा ने 'मनमाना' बताया और यह उनके द्वारा नियुक्त दो अधिकारियों के लिए था। कार्यकारी परिषद के अधिकतर सदस्यों ने इससे पहले दावा किया था कि उन्होंने जनवरी में आईओए सीईओ के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति को अमान्य घोषित करने वाले निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने अजय नारंग को आईओए अध्यक्ष के कार्यकारी सहायक के पद से 'बर्खास्त' कर दिया है। उषा ने कार्यकारी परिषद के सदस्यों द्वारा नारंग को दिया गया बर्खास्तगी पत्र मिलने की बात स्वीकार की लेकिन इसे 'पूर्णतया निरर्थक' कहकर खारिज कर दिया। उषा ने कार्यकारी परिषद के बागी सदस्यों को भेजे अपने जवाब में कहा, यह देखकर निराशा होती है कि हम अब भी एक टीम के रूप में काम नहीं कर पा रहे हैं और आपकी हर हरकत मुझे दरकिनार करने की कोशिश है। मेरे पास आप सभी को यह याद दिलाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है कि कर्मचारियों की नियुक्ति और बर्खास्तगी सहित दैनिक प्रशासनिक कार्य कार्यकारी परिषद का काम नहीं है। कार्यकारी परिषद के रूप में हमें अपनी शक्तियों और अधिकारों का उपयोग आईओए को ऊंचाइयों पर ले जाने के अधिक महत्वपूर्ण कार्य के लिए करना चाहिए।

पूर्व दिग्गज धाविका ने कहा, आईओए स्टाफ को निर्देश दिया जाता है कि वे आईओए भवन के भीतर लगाए गए नोटिस की किसी भी प्रति को हटा दें। इसके अलावा आईओए स्टाफ को मेरे कार्यकारी सहायक के माध्यम से मेरे कार्यालय से मार्गदर्शन और निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया जाता है। जनवरी में सार्वजनिक रूप से सामने आई आईओए की आंतरिक कलह अब भी जारी है जबकि पेरिस ओलंपिक शुरू होने में सिर्फ तीन महीने बाकी हैं। उषा ने कहा कि सात जून 2023 को नियुक्त किए गए नारंग का पद पर बने रहना या बर्खास्तगी केवल उनकी सिफारिश पर आधारित होगी, ना कि किसी और की इच्छा पर।

उन्होंने कहा, बर्खास्ती दस्तावेज पूरी तरह से अमान्य हैं। अध्यक्ष के कार्यकारी सहायक की नियुक्ति कार्यकारी परिषद के अधिकार क्षेत्र में नहीं है और इसलिए बर्खास्तगी कानून के अनुसार नहीं है। मैं कैप्टन अजय कुमार नारंग (सेवानिवृत्त) द्वारा किए गए काम से संतुष्ट हूं और उनकी सेवाएं समाप्त करने का कोई कारण नहीं दिखता। उन्होंने कार्यकारी परिषद के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे आईओए संविधान द्वारा दी गई शक्तियों और जिम्मेदारियों के इतर काम नहीं करें और उसके प्रावधानों का सीधा उल्लंघन न करें।

# रविंद्र जडेजा ने आईपीएल में बनाया महारिकॉर्ड



**चैन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से बेहतरीन ऑलराउंडर पूरे इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के इतिहास में नहीं रहा है। दुनिया का कोई अन्य ऑलराउंडर इतना प्रतिभाशाली इस समय नहीं है, जो तीनों फॉर्मेट में खेलता हो और आईपीएल जैसे बड़े टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करता आ रहा हो। इसी बीच रविंद्र जडेजा ने आईपीएल का एक महारिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। कोई अन्य खिलाड़ी उस उपलब्धि तक नहीं पहुंचा है।

दरअसल, रविंद्र जडेजा आईपीएल के इतिहास के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 1000 से ज्यादा रन बनाए हैं, 100 से ज्यादा विकेट चटकाए हैं और 100 कैच पकड़े हैं। रविंद्र जडेजा ने चेन्नई सुपर किंग्स, कोच्चि टस्कर्स केरला और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए ये कारनामा कर दिखाया है। वे आईपीएल में 2776 रन बना चुके हैं और गेंदबाज के तौर पर 156 विकेट चटका चुके हैं और 100 कैच इस लीग में पकड़ने में सफलता हासिल की है।

असल मायने में रविंद्र जडेजा ही इस समय 3ष्ठ प्लेयर यानी 3 डायमेंशनल प्लेयर हैं, जो बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग में सबसे अच्छे हैं। वे एक बल्लेबाज के तौर पर उतरते हैं तो प्योर बैटर नजर आते हैं और स्पिनर के रूप में उतरते हैं तो पूरी तरह लेफ्ट आर्म स्पिनर नजर आते हैं और फील्डर के तौर पर तो उनके कहने ही क्या, दूर से थ्रो फेंकना हो, स्टंप्स को हिट करना हो या फिर कितनी भी दूरी तय करके कैच पकड़ना हो, जड्डू हर काम आसानी से कर लेते हैं।

बता दें कि रविंद्र जडेजा सोमवार 8 अप्रैल को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए सीएसके वर्सेस केकेआर मैच में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे। उन्होंने 4 ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए थे। इसी के साथ वे आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 15 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बने थे। इतने ही खिताब एमएस धोनी ने भी अपने नाम किए हैं। धोनी का ये रिकॉर्ड आईपीएल में जल्द टूटने वाला है।

## IPL 2024

### हार पर बोले वरूण चक्रवर्ती

# हमने हर बल्लेबाज के लिए योजना बनाई थी



**चेन्नई, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में पिच को सही ढंग से पढ नहीं पाने का खामियाजा उनकी टीम को भुगतना पड़ा। पिछले दो मैचों की तुलना में इस मैच की पिच अलग थी। केकेआर 9 विकेट पर 137 रन ही बना सकी जिसे चेन्नई ने 14 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। चक्रवर्ती ने मैच के बाद कहा, 'मैने जब विकेट को देखा तो यह सपाट लगा लेकिन यह पूरी तरह से अलग था। उन्होंने कहा, 'हम पिच को बेहतर भांप सकते थे क्योंकि शुरूआत में यह धीमी थी। गेंद से संपर्क करना कठिन था लेकिन मुझे लगा कि 160 का स्कोर ठीक रहता। इसके अलावा ओस भी थी। शिवम दुबे को जो मैने आखिरी ओवर डाला , उससे काफी फर्क पड़ा क्योंकि मैं गेंद पर पकड़ नहीं बना पा रहा था।

### 3 बॉल खेलकर भी कर गए कमाल कारनामा

# एमएस धोनी ने रचा इतिहास

**चैन्नई, एजेंसी।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और अब तो सीएसके के भी पूर्व कप्तान हो चुके एमएस धोनी के बारे में माना जा रहा है कि ये आखिरी आईपीएल है। वे कप्तानी पहले ही छोड़ चुके हैं और रुतुराज गायकवाड को कमान सौंपी गई है। इस बीच धोनी फील्डिंग के वक्त तो मैदान में रहते ही है और गायकवाड की मदद भी करते हैं, लेकिन फैंस उनकी बैटिंग देखने के लिए भी काफी उत्सुक रहते हैं। धोनी भी फैंस की मुराद पूरी करने की कोशिश कर रहे हैं।

इस बीच कोलकाता के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उन्होंने तीन ही बॉल खेलीं, लेकिन इस दौरान भी वे एक अद्भुत रिकॉर्ड बना गए।

### धोनी ने तीन बॉल पर बनाया एक रन

एमएस धोनी केकेआर के खिलाफ खेले गए मैच में उस वक्त बल्लेबाजी के लिए आए जब टीम को केवल तीन ही रन की जरूरत थी। क्रीज पर धोनी आते हैं और तीन बॉल ही खेलकर एक रन बनाते हैं। इसके बाद आखिरी में कप्तान रुतुराज गायकवाड चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाते हैं। इस बीच धोनी ने एक और नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है। उन्होंने अपने ही साथ रवींद्र जडेजा को पीछे छोड़ दिया है।

हम बात कर रहे हैं आईपीएल में सफल रन चेज के बाद सबसे ज्यादा नाबाद यानी नॉट आउट रहने वाले खिलाड़ी की। अब तक ये रिकॉर्ड रवींद्र जडेजा के नाम था, जो अब धोनी के नाम हो गया है। रवींद्र जडेजा अब तक आईपीएल सफल रन चेज में 27 बार नाबाद रहे हैं, लेकिन अब धोनी ने 28 बार ऐसा कर दिया है। यहां हम केवल चेन्नई के लिए खेलते हुए की बात नहीं कर रहे हैं। पूरे आईपीएल करियर की बात कर रहे हैं। वैसे मैच में नंबर तो रवींद्र जडेजा का ही आने का था, लेकिन धोनी ने फैंस को खुश करने के लिए ये फैसला किया और नया कीर्तिमान भी बना गए।

# मयंक यादव की चोट गंभीर नहीं : क्रूणाल पांड्या



**लखनऊ, एजेंसी।** आईपीएल 2024 की सबसे तेज गेंद फेंकने वाले एलएसजी के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव रविवार को गुजरात के खिलाफ चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए। गुजरात के खिलाफ मयंक ने मात्र एक ओवर डाला और उसमें 13 रन दिए। मैच के बाद बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर क्रूणाल पांड्या ने मयंक की चोट पर अपडेट दिया। क्रूणाल पांड्या ने कहा, युवा तेज गेंदबाज मयंक मैदान से बाहर आने के बाद ठीक लग रहे थे। मैंने उनसे बातचीत की और वह पहले से बेहतर थे, जो हमारे लिए राहत की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मयंक पसली में खिंचाव और चोट के कारण बाहर चले गए। तेज गेंदबाज यश ठाकुर के पंजे के अलावा, क्रूणाल ने खुद एलएसजी की आईपीएल 2024 की तीसरी जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं कप्तान केएल राहुल इस बात से भी खुश थे कि कैसे मयंक की अनुपस्थिति के बावजूद उनके गेंदबाजों ने अपने घरेलू मैदान पर एक और स्कोर का बचाव करने के लिए एकजुट होकर शानदार गेंदबाजी की। एलएसजी अब चार मैचों में से तीन जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और शुक्रवार शाम को दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेगा।

## एशियन बैडमिंटन

# सिंधू और लक्ष्य के सामने कठिन चुनौती

## शुरुआती दौर में ही शीर्ष चीनी शटलरों से मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिंधू दूसरे दौर में पहुंचीं तो उनके सामने छठी वरीय चीन की हान यू होंगी, जबकि लक्ष्य के सामने पहले ही दौर में शीर्ष वरीय चीन के शी यूकी होंगे। एचएस प्रणय का पहले दौर में चीन के लू गुआंग जू से मुकाबला होगा। एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और इस वर्ष ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य सेन के सामने कठिन चुनौती है। सिंधू दूसरे दौर में पहुंचीं तो उनके सामने छठी वरीय चीन की हान यू होंगी, जबकि लक्ष्य के सामने पहले ही दौर में शीर्ष वरीय चीन के शी यूकी होंगे। एचएस प्रणय का पहले दौर में चीन के लू गुआंग जू से मुकाबला होगा।

### सात्विक-चिराग नाम वापस ले चुके हैं



पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन का यह अंतिम टूर्नामेंट हैं। इसके बाद ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाले शीर्ष 16 शटलरों की रैंकिंग जारी होनी है। इस टूर्नामेंट से सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी पहले ही नाम वापस ले चुकी है। बावजूद इसके टूर्नामेंट में एशिया के सभी शीर्ष शटलर शिरकत कर रहे हैं। इनमें शीर्ष वरीय कोरिया की एन से यंग, ओलंपिक विजेता चीन की चेन यू फेई, ताईवान की ताई जू यिंग, जापान की अकाने यामागुची के अलावा पुरुष वर्ग में शी यूकी, सिंगापुर के लोह कीन यू, इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, जापान के केंता निशिमोतो, कोडाई नरोका जैसे शटलर शामिल हैं। सात्विक और चिराग की जोड़ी इस वर्ष शानदार फॉर्म में चल रही है और उनसे पुरुष डबल्स वर्ग में इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने की उम्मीद है।

### श्रीकांत पहले दौर में गिंटिंग से भिड़ेंगे

सिंधू के सामने पहले दौर में मलयेशिया की गोह जिन वेई होंगी। अगर वह क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं तो उनके सामने यामागुची हो सकती हैं।

लक्ष्य एशियाई खेलों के दौरान हांगझोऊ में टीम मुकाबलों में शी यूकी को हरा चुके हैं। उनका ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करना लगभग तय माना जा रहा है। प्रियांशु राजावत पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से और किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया के तीसरी वरीय एंथोनी सिंसुका गिंटिंग से भिड़ेंगे। महिलाओं में आकर्षी कश्यप पहले दौर में थाईलैंड की ओ बुसानन से खेलेंगी।

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने कामिंदु मेंडिस और मैया बाउचर




**दुबई, एजेंसी।** आईसीसी ने मार्च 2024 के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम के कामिंदु मेंडिस को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। महिला वर्ग में इंग्लैंड की मैया बाउचर को ये पुरस्कार मिला है। मेंडिस ने प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार का दावा करने के लिए टेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया है। मेंडिस ने बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट की पहली पारी में 102 रन और दूसरी पारी में 164 रन बनाए थे। उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के मैट हेनरी और आयरलैंड क्रिकेट टीम के मार्क अडायर को इस दौर में पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया।

मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ, कामिंदु मेंडिस ने कहा, मैं आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर बेहद खुश हूं, जिसे मैं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए प्रेरणा मानता हूं। इस तरह की मान्यता हमें एक खिलाड़ी के रूप में टीम, देश और प्रशंसकों के लिए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अधिक से अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है। बाउचर ने न्यूजीलैंड में शानदार श्रृंखला की बदौलत मार्च 2024 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता। बीते महीने बाउचर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में 223 रन बनाए थे। उन्होंने मार्च में 4-1 टी20 श्रृंखला जीत हासिल करने में अहम भूमिका निभाई थी।

# शक्ति की आराधना के साथ होगा देश में विजय का आगाज : मुख्यमंत्री

## सतना जिले के साथ मैहर जिले का भी होगा तेजी से विकास






**सतना/ मैहर।** माँ शारदे की धार्मिक नगरी मैहर मे मध्यप्रदेश के यशश्वी मुख्यमन्त्री मोहन यादव ने आज चैत्र हिंदू नूतन वर्ष की शुभ बेला मे माता शारदे के दर्शन किये। जहाँ पर हेली पेड पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला लोकसभा चुनाव प्रभारी शशांक श्रीवास्तव पूर्व महापौर कटनी प्रतिमा बागरी तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रवि करण साहू सतना सांसद गणेश सिंह मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी लोकसभा चुनाव प्रभारी रामदास मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष फूल सिंह टेकाम अमरपाटन पूर्व विधायक रामखेलावन पटेल उनका स्वागत किया गया।मंच मे भाजपा जिला पदाधिकारी गणों के द्वारा गजरा माला से स्वागत किया गया।इसके उपरांत सतना जिले के भाजपा लोकसभा के प्रत्यासी चार बार के सांसद गणेश सिंह के समर्थन मे मुख्यमन्त्री ने सभा को सम्बोधित किया। अपने उद्बोधन मे मुख्य मंत्री डॉकटर मोहन यादव ने कहा की आज देश भर में हर व्यक्ति की जुबान में एक ही नारा है जो राम को लाये है हम उनको लायेंगे। मोदी सरकार देश के हितार्थ ऐतिहासिक फैसले लिए है।चाहे वह तीन तलाक़ होए धारा 370 होए या फिर रामलला का अयोध्या मे भव्य राम मन्दिर हो। मोदी जी राष्ट्र हित सबका विकास की बात करते है। इस बार की रामनवमी 500 वर्षो के बाद अनुपम होगी।आज सम्पूर्ण विश्व ने भारत का लोहा मान लिया है।

### देश के लिए स्वर्णिम पर्व जनता को मोदी पर भरोसा : गणेश सिंह

सतना जिले के लोकप्रिय भाजपा प्रत्यासी गणेश सिंह ने अपने उद्बोधन मे कहा कि भारत की देव तुल्य जनता को यह पूर्णतः विश्वास है की भारत के प्रधानमन्त्री मोदी के नेतृत्व मे अखण्ड भारत एक स्वर्णिम अध्याय लिख कर सम्पूर्ण विश्व मे भारत की अलख जगाने के लिए आतुर है। यह लोकसभा का चुनाव देश के लिए स्वर्णिम पर्व से काम नहीं जहां जनता को मोदी पर पूरा भरोसा है इस अवसर पर मैहर विधायक श्री कांत चतुर्वेदी जी के विकास रूपी सोच के कार्य की मुख्यमन्त्री जी ने तारीफकी जिस प्रकार मोदी जी काम मे लगे रहते है उसी प्रकार मैहर विधायक भी अपने काम मे लगे रहते है।

### इन्होंने ली भाजपा की सदस्यता

मुख्यमन्त्री के द्वारा आज इस विजय संकल्प जन सभा में दिग्गज पूर्व लोकसभा सतना रह कांग्रेस प्रत्यासीएपूर्व सतना महापोर कांग्रेस नेता राजा राम त्रिपाठी ने ली भाजपा की सदस्यता। सौरज पांडेय ने भाजपा का दामन थमा है 'यह रहे मंचासीन' उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्लएराज्य मंत्री प्रतिमा बागरीए मैहर विधायक श्री कांत चतुर्वेदीए मैहर जिला अध्यक्ष कमलेश सुहानेए सतना जिलाध्यक्ष सतीश शर्माए धीरज पाण्डेयए गीता संतोष सोनीए शीतल नितिन ताम्रकारए राम कृपाल पटेलएमोतीलाल तिवारीए शशांक श्रीवास्तवए अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष फूल सिंह टेकाम कमल सिंह मरकाम हरीश कांत त्रिपाठी अनिल जायसवाल बालेंद्र गौतम गोरेलाल पटेलए मोनिका दाहियाए संचालन कर्ता विश्वनाथ सिंह तिवारीए कैलाश गौतम जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलवन कोल जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह पंकज परिहार गीता सोनी नगर पालिका अध्यक्षशीतल नितिन ताम्रकार नगर पालिका उपाध्यक्ष रामकृपाल पटेल धीरज पांडे आदि मंचासीन रहे। 'आभार प्रकट'-मध्य प्रदेश के यशश्वी मुख्यमन्त्री सहित सभी मंचासीन अतिथियोंए सभी आये हुए भाजपा के जिला पदाधिकारीए सभी मण्डल अध्यक्षए सभी मोर्चो के पदाधिकारीए सभी प्रभारियो एक एक कार्यकर्ताए सभी देव तुल्य सभा मे उपस्थित जनता जनार्दन का आभार प्रकट मैहर भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने जी ने किया।

### राजाराम त्रिपाठी ने थाना भाजपा का दामन

आज मैहर जिले के मध्य प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के आगमन के दौरान भारतीय जनता पार्टी की नीति और उसकी कर शैली से प्रभावित होकर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सतना जिले के वरिष्ठ समाज सेवी राजाराम त्रिपाठी ने आज मुख्यमंत्री के हाथों भाजपा की सदस्यता ली इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जहां धर्म विरोधी के नारे लगाते हैं ऐसी पार्टी का कोई वजूद नहीं पिछले 40 सालों तक लगातार पार्टी की सेवा की लेकिन आज जब बात हमारे धर्म और हमारे आराध्य देव की आती है तो हमें उसे पार्टी में घुटन सी महसूस होती है जिस पार्टी पर जय श्री राम के नारे लगाना और भगवान श्री राम के मंदिर स्थापना पर उत्सव मनाने पर भी प्रतिबंध था आज भारतीय जनता पार्टी विश्व गुरु बनने के कगार पर है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश के करोड़ दिलों पर राज कर रहे हैं उनकी लोकप्रियता मेरे बस नहीं पूरे देश की जनता के दिलों पर राज कर रही है देश में अबकी बार 400 पर के नारे को साबित करने के लिए उसे हवन में मेरी भी आहुति शामिल है और सपना सांसद गणेश सिंह के लिए अब यह बहुत अच्छा अवसर होगा।

## ठेकेदार द्वारा खोदे गए पाईप लाईन के गड्ढे को रेस्ट हाऊस के कर्मचारियों ने बनाया



**रामनगर।** नगर परिषद रामनगर में घर घर पानी पहचाने का ठेका ओम् कान्ट्रेक्टन टीकमगढ़ को मिला हुआ है। ठेकेदार द्वारा बेहद घटिया काम जा रहा है। रोड खोदए तोड़ए उखाड़ कर छोड़ दिया गया है। लेकिन आज तक बनाया नहीं गया। उदाहरण के तौर पर 9 अप्रैल 2024 को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पर्यवेक्षक महोदय का भ्रमण के मद्देनजर पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर ने विभाग के लेवर से रेस्ट हाउस के सामने खोदकर मिट्टी पाटी रोड को बनवा कर मजबूती प्रदान की गई है। घर घर पानी देने के लिए जगह.जगह क्षतिग्रस्त सड़क रोड को नहीं बनाया गया इंजीनियरए फील्ड इंजीनियर फोन नहीं उठाते।

## जंगली जानवरों की मूवमेंट से दहशत मे ग्रामीण, वन विभाग ने बढाई निगरानी

**चित्रकूट।** रानीपुर टाइगर रिजर्व जंगल से सटे गांवों मे जंगली जानवरों की चहलकदमी से ग्रामीणों मे व्याप्त है भय। मारकुंडी क्षेत्र के जंगलों मे शावक लिए घूम रहा तेंदुए का ग्रामीणों मे भय। भालू भी ब'चों के साथ आया नजर। जिससे ग्रामीणों मे दहशत का माहौल। क्योंकि ब'चों के साथ चलने वाले भालू का स्वभाव होता बेहद खतरनाक। वन विभाग के अनुसार पिछले एक पखवाड़े से एमपी जंगल से रानीपुर टाइगर रिजर्व के जंगल मे आवाजाही कर रहा शावक लिए तेंदुआ। वहीं फीमेल भालू भी ब'चा लिए टाइगर रिजर्व जंगल से सटे स्थान पर दिखा। मारकुंडी वनपरिक्षेत्र भाग-1 के टिकरिया रेलवे स्टेशन के पास तेंदुए और भालू के मिले पगमार्क। वन अमला हुआ सतर्क। वन विभाग ने बढा दी कांबिंग। क्योंकि रेल ट्रैक के पास जानवरों का मूवमेंट सुरक्षा की दृष्टि से है बेहद खतरनाक ट्रेन से टकराकर कई जानवरों की हो चुकी हैं मौतें।

## प्रशिक्षण स्थल पर समुचित व्यवस्थायें करने के निर्देश

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 13 एवं 14 अप्रैल 2024 को दो पालियों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1, व्यंकट क्रमांक-2 सतना एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय सतना एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी में दो पालियों में आयोजित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने आयुक्त नगर पालिक निगम सतना को सभी प्रशिक्षण स्थलों पर एवं प्रत्येक प्रशिक्षण कक्ष में आवश्यकतानुसार पेयजल, विद्युत सहित साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इसी प्रकार कलेक्टर श्री वर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रशिक्षण कक्षाओं में प्रोजेक्टर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 13 एवं 14 अप्रैल को

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 13 एवं 14 अप्रैल 2024 को दो पालियों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1, व्यंकट क्रमांक-2 सतना एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय सतना एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी में दो पालियों में आयोजित होगा। मतदान दलों को प्रथम पाली का प्रशिक्षण प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं द्वितीय पाली का प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक दिया जायेगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने आयुक्त नगर पालिक निगम सतना को प्रशिक्षण स्थल पर पेयजल, बैठक व्यवस्था, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## शैलजा का नवोदय विद्यालय प्रवेश में हुआ चयन



**रामपुर बघेलान।** में संचालित आदर्श उच्च मा वि रामपुर बघेलान कक्षा 5वी में अध्ययनरत छात्रा कु शैलजा सिंह पिता सत्यनारायण सिंह ने जवाहर नवोदय विद्यालय मे कक्षा 6 वी मे प्रवेश परीक्षा में सफलता अर्जित की। इस सफलता के लिए छात्रा ने माता पिता और गुरुजनों को श्रेय दिया और कहा कि आप सब के आशीर्वाद से मुझे सफलता प्राप्त हुई। इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य रामचरित सिंहए प्रिंसी शुक्लाए माया प्रजापति अंकिता सिंह कृष्णा सिंह भारती साकेत नीरज सिंहए पंकज सिंह ने छात्रा की सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अस्थाई कार्यालय में एक झंडा और एक बैनर ही लगा सकेंगे उम्मीदवार

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक चुनाव ल?ने वाले अभ्यर्थी अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान स्थानीय स्तर पर खोले जाने वाले अस्थाई कार्यालय में केवल एक झंडा और 4 गुना 8 फीट के आकार का एक बैनर ही लगा सकेगा।

### चुनाव प्रक्रिया पर माईक्रो आब्जर्वर रखेगें पैनी नजर

## माइक्रो आब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण टाउन हॉल में सम्पन्न



**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी चुनाव प्रकिया को साफ-सुथरी पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने की मंशा तथा निगरानी के इंतजाम और मजबूत करने के उद्देश्य से लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान सतना संसदीय क्षेत्र की सात विधानसभा क्षेत्रों के कुछ संवदेनशील मतदान केन्द्रो मे लघु चुनाव प्रेक्षक (माईक्रो आब्जर्वर) भी तैनात किये गये है। यह लघु प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के सीधे नियंत्रण और निगरानी में काम करेगें। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत सातों विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रो के लिये नियुक्त होने वाले 331 माइक्रो ऑब्जर्वर को मंगलवार को सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े और माईक्रो आब्जर्वर की नोडल अधिकारी जिला पंजीयक डॉ कीर्ति सिंह की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर डॉ बीके गुप्ता ने उनके दायित्वो और कार्यो का विस्तृत प्रशिक्षण दिया। सीईओ जिला पंचायत संजना जैन ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर मतदान दलों के एक भाग के रूप में निर्वाचन आयोग के महत्वपूर्ण कार्य को संपादित करेगें। प्रशिक्षण मे माईक्रो आब्जर्वर अपने कार्यो एवं गतिविधियो का विस्तृत प्रशिक्षण हासिल कर दायित्वो का कुशलतापूर्वक निर्वहन करें। उन्होने कहा कि चुनाव की प्रकिया में सारे निर्देश और कार्यवाहियां लिखित स्वरूप मे है। माइक्रो आब्जर्वर बिना किसी मतदान दलों की कार्यवाही में दखल दिये सुपरविजन का कार्य करेंगे और विधि और सम्यक रुप से हो रही मतदान प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर्स को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी से पूरी तरह दक्ष होना आवश्यक है। ताकि वे आवश्यक पड़ने पर मार्गदर्शन और सहयोग भी कर सकेंगे। उन्होने कहा कि मतदान केन्द्र में होने वाली विशेष गतिविधियो एवं भेजी जाने वाली संक्षिप्त जानकारी सीधे प्रेक्षक को भेजेगें।

## आदिवासी नेता का अपमान भाजपा को पड़ सकता है मंहगा

### पुलिस ने अ.ज.जाति मोर्चा अध्यक्ष को सभा स्थल जाने से रोका




**सतना।** मंगलवार को मैहर में मुख्यमंत्री डॉण्मोहन यादव की सभा कार्यक्रम में उस वक्त हड़कंप मंच गया। जब पूर्व मैहर एसडीओपी फूल सिंह टेकाम को पुलिस ने सभा स्थल जाने से रोक दियाए जिसके बाद फूल इक्षसह टेकाम और पुलिस बल के बीच बहस होने लगी। आलम यह था कि पुलिस द्वारा नेताजी को धक्के देकर बाहर कर दिया गया। देखते ही देखते नेताजी को बैरंग बाहर लौटना पड़ा। एक समय था जब फूल सिंह टेकाम मैहर क्षेत्र में तूती बोलती थी। लेकिन समय का तकाजा होता है आज उन्हीं के अधीनस्थ रहने वाले पुलिस कर्मियों ने व्यवस्था का हवाला देकर लू उतार दी। हांलकि आदिवासी गोड़ समाज से आने वाले जनप्रतिनिधि के साथ इस तरह का व्यवहार राजनैतिक मुद्दा बन सकता है। ये पिटाई उस व्यक्ति की है जो खाकी से खादी पहनाएये पिटाई उस नेता की है जो कुछ ही दिन पूर्व कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम्हा थाएये पिटाई आदिम जाति के उस जिला अध्यक्ष की है जिसने आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व करने के लिए भाजपा ्यवाइन की थी। ये पिटाई फूल सिंह टेकाम की नही उस आदिवासी समाज की है जो भाजपा को शिरोधार्य कर रहा है। ये पिटाई भाजपा के उन दिखावटी दांतो की है जो चुनाव जीतने के लिए हर हथकंडे अपनाती है। इसका सीधा संबंध सांसद के उस बयान से है कि साम दाम दंड भेद अस्त्र शस्त्र सब चलाओ चुनाव जिताओ दो अस्त्र शस्त्र दिखने लगा। ये पिटाई केवल फूलसिंह टेकाम की नही बल्कि सम्पूर्ण आदिवासी समाज की है जिसका भाजपा ने यही अस्तित्व है। कभी उसके ऊपर पेशाब कर दिया जाता है कभी उसकी सरे बाजार आबरू उतार ली जाती है। आखिर एक आदिवासी नेता की पिटाई क्यो की गई।

## जसो पुलिस ने 500 ग्राम गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**सतना।** 'पुलिस अधीक्षक महोदय सतना आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में एस डी ओ पी महोदया नागौद श्रीमती विदिता डागर आईपीएम द्वारा आगे बढ़ते कदम युवा नशा निवारण ष्कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जिसके तहत अनुभाग के सभी थाना क्षेत्रों को नशा मुक्ति की दिशा में ले जाने के लिए कदम बढ़ाए जा रहे हैं । इसमें मादक पदार्थों की खेतीए परिवहनए वितरण एव सेवन के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। युवा पीढ़ी ही हमारा भविष्य है और अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए यह आवश्यक है कि हम उन्हें मादक, पदार्थों जैसे कि शराबएगाँजेए अफ़ीमए कोरेक्स सिरप इत्यादि के सेवन व नशे से बचाएं । इसी आवश्यकता को मद्धेनज़र रखते हुए थाना प्रभारी जसो के नेतृत्व मे निम्नानुसार कार्यवाही की गई । घटना का विरण'दिनांक को रात्री में मुखविर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम तिघरापाठा मे महेन्द्र कोल अपनी दुकान के पीछे झोले मे अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु रखे है जो मुखबिर की सूचना पर हमराह स्टाफ तत्काल रवाना हो ग्राम तघरापाठा पहुचे जो मुखबिर द्वारा बताये हुलिये अनुसार एक व्यक्ति अपनी किराना की दुकान में दस्तयाब हुआ । जिससे नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम महेन्द्र कोल पिता सीताराम कोल उम्र 28 साल निवासी तिघरापाठा का होना बताया । जिसकी दुकान के पीछे तलासी ली गई जो दौरान तलासी के 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 5000६ रुपये मिला एउक्त गांजा के संबंध में दस्तावेज पूछे गये जो नही होना बताया । मामला धारा 8६20 बी एनडीपीएस एक्ट का दण्डनीय पाये जाने से थाना जसो में अपण्क्रण् 92६24 धारा 8६20 ;बीद्ध एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया । 'जप्त मशरूका'. अवैध मादक पदार्थ गांजा 500 ग्राम कीमती 5000 रुपये ।'आरोपी का नाम' दृ महेन्द्र कोल पिता सीताराम कोल उम्र 28 साल निवासी तिघरापाठा थाना जसो । 'सराहनीय भूमिका- उनिण्केण्एन मिश्राए प्रआर संत कुमार एसंजय सिंह,ल द्विवेदी, संजय यादव एमआर सौरभी चौरसिया की विशेष भूमिका रही ।

## 10 आदतन अपराधियों के विरुद्ध की गई बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही

**सतना।** जिले में शांतिपूर्ण निष्पक्ष भय.रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्यक्रम को संपन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 10 आदतन अपराधियों के विरुद्ध संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा थाना कोलगवां सतना अंतर्गत उतैली निवासी संतोष बसोर पिता राममिलन बसोर उम्र 25 वर्षए मनोज वंशकार पिता बब्लू उर्फबब्बू बंसल उम्र 28 वर्षए सिंधी कैंप निवासी पाले उर्फबाबू उर्फराजाबाबू कोल पिता दुर्गा कोल उम्र 40 वर्षए सोनू कोल पिता दुर्गा कोल उम्र 32 वर्षए घूरडांग निवासी माखन उर्फमाखनलाल चौधरी पिता कामता प्रसाद चौधरी उम्र 27 वर्षए संग्राम कॉलोनी निवासी पिंटू बसोर पिता केमला बसोर उम्र 36 वर्षए सिटी कोतवाली सतना अंतर्गत धवारी निवासी विनोद पयासी पिता गजाधर पयासी उम्र 36 वर्षए मुख्त्यारगंज निवासी सुमित लोनिया पिता कल्लू लोनिया उम्र 24 वर्षए नजीराबाद निवासी मोहम्मद अमीन उर्फ भिंगू खान उर्फनईम पिता मोहम्मद अब्दुल अजीज उम्र 42 वर्ष तथा थाना जैतवारा अंतर्गत मरवा निवासी शिव कुमार विश्वकर्मा पिता रावेंद्र विश्वकर्मा के विरूद्ध बाउण्ड ओव्हर कर संबंधित थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है।

## सब्जी खरीद रहे युवक पर प्राण घातक हमला, जबलपुर रेफर



**सतना।** चौक के पास सब्जी खरीद रहे सोनू मौर्य निवासी जवाहर नगर के ऊपर आपराधिक छवि वाले रिंकू सोनी निवासी बिहारी चौक ने प्राण घातक हमला कर दिया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनू मौर्य हमेशा की तरह सुबह जयस्तंभ चौक में सब्जी खरीद रहे थे उसी समय रिंकू सोनी वहां आया किसी मामूली बात को लेकर सोनू मौर्य और रिंकू सोनी के बीच बहस हो गयी बहस इतनी बड़ा गयी कि रिंकू सोनी ने आव देखा ना ताव सोनू मौर्य पर धार दार हथियार से सिर पर वार कर दिया जिससे सोनू मौर्य का सिर फ्ट गया और वो लहू लोहान हो गया वहीं रास्ते से गुजर रहे सिटी कोतवाली के कॉन्स्टेबल अंजन कुमार सिंह ने बीच बचाव कर झगड़ा को शांत कर दोनों पक्षो को कोतवाली ले आये । सोनू मौर्य को जिला अस्पताल भेजा गया जहां उसके सिर पर 10 टाँके लगायें गये । रिंकू सोनी जोर जोर से शहर के बड़ो भाजपा नेता का नाम लेकर अपने आप को उसका आदमी बता रहा था ।सोनू मौर्य के सिर की चोट की गंभीरता देखते हुए सोनू मौर्य को जबलपुर रेफर किया है ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है ।जानकारी के मुताबिक रिंकू सोनी यह आदतन अपराधी होकर आए दिन झगड़ा करना मारपीट करना उसकी आदत में शुमार है । उससे काफी लोग परेशान है और लोगो ने पुलिस से सख्त कार्यवाही की मांग की है ।

## मैहर में चैत्र नवरात्रि मेला की धूम, भारी वाहनों की एंट्री पर बैन, मां शारदा के दर्शन होंगे सुगम



**मैहर।** मां शारदा धाम में चैत्र नवरात्रि मेले को लेकर प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था की है। शारदा धाम में चैत्र नवरात्र मेले का आयोजन 9 अप्रैल से होने जा रहा है। नवरात्र मेले में लाखों श्रद्धालु मां के दर्शन करने आते हैं। इसलिए प्रशासन अलर्ट है।? मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने इस बारे में बड़ी बैठक की व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुबह 4 बजे से लेकर रात 11 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह प्रतिबंध सोमवार 8 से 18 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा।

### आसपास के जिलों के हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं

बता दें कि मेले के दौरान मैहरए रीवाए सतनाए कटनी सहित आसपास के जिलों के अलावा देश.विदेश के श्रद्धालु पैदल ही मां शारदा के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं।? भीड़ होने के कारण भारी वाहनों को निकलने में भी दिक्कत होती है। इसके अलावा कई बार सड़क दुर्घटना भी होती है। ऐसे में दुर्घटनाओं से भक्तों को बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है। एक तरफ कलेक्टर ने सुबह 4 से रात 11 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध का आदेश दिया है तो वहीं 5 घंटे की छूट की अवधि में वाहनों की गति भी धीमी करने का आदेश दिया है।

मेले के दौरान करीब 400 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे स्वास्थ्य सुविधाए पेयजल और खोया पाया केन्द्र भी बनाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मैहर मां शारदा मंदिर चौकी में पुलिस अधिक्षक सुधीर अग्रवाल द्वारा पुलिस प्रशासन की बैठक ली गई बैठक में पुलिस बल को मेले प्रांगण में ड्यूटी का विभाजन किया गया यात्री सुरक्षा का कड़े इंतजामात किए गए। इस दौरान एसपी ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी पुलिस मुख्यालय और आईजी जोन रीवा से पर्याप्त मात्रा में लगभग चार सौ पुलिस बल उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा मंदिर प्रांगण में लोहे की जाली लगावा दी गई हैं। पिछली बार पहाड़ के रास्ते से श्रद्धालु दर्शन करने मंदिर पहुंच रहे थेए उन स्थानों को चिह्नित कर बैरिकैडिंग की गई है।

### पहाड़ी के चोर रास्तों को पुलिस ने बंद कराया

एसपी ने कहा है कि कई छोटे चोर रास्तों से गाड़ियां मंदिर प्रांगण में प्रवेश कर जाती हैं। इससे श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके लिए सभी चोर रास्तों को चिह्नित कर के बंद कर दिया गया है। इसके अलावा एक अतिरिक्त पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए दमकल के कई वाहनों की व्यवस्था की गई है।

